दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 155 जयपुर, बुधवार, 15 मई, 2024 | वैशाख, शुक्ल पक्ष- अष्टमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### खेतड़ी: HCL खदान में लिफ्ट की चेन टूटी, 14 लोग फंसे



**झुंझुनूं।** खेतड़ी इलाके में स्थित हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की कोलिहान खदान में लिफ्ट मशीन 1800 फीट नीचे गिर गई। हादसे के समय लिफ्ट में कोलकाता से आई विजिलेंस की टीम और खेतड़ी कॉपर कॉर्पोरेशन के कई बड़े अधिकारी मौजूद थे। विजिलेंस टीम मंगलवार शाम को खदान में उतरी थी। खदान से निकलते वक्त रात 8 बजे के लगभग लिफ्ट की चेन टूट गई। 1800 फीट नीचे गिरी लिफ्ट में कोलकाता की विजिलेंस टीम समेत 14 अधिकारी फंसे हुए हैं। फिलहाल रेस्क्यू ऑपेरशन जारी है। आसपास के अस्पतालों से सभी एंबुलेंसों को बुलाया गया है। डॉक्टरों की टीमों को भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है।

### जयपुर ब्लास्ट के नाबालिग आरोपी को जमानत

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने जयपुर शहर में 13 मई 2008 को हुए सीरियल ब्लास्ट के दौरान जिंदा मिले बम के मामले में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे नाबालिग आरोपी को सशर्त जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने मामले की सुनवाई कर रहे किशोर न्याय बोर्ड को प्रकरण की सुनवाई तीन माह में पूरी करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश नाबालिग आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। एएजी शिवमंगल शर्मा ने बताया कि कानून के अनुसार किसी भी किशोर आरोपी को तीन साल से अधिक की सजा नहीं दी जा सकती. इस आधार पर ही आरोपी को जमानत का लाभ दिया गया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

### जयपुर में 23 माह के बच्चे को लगाया गया दुनिया का सबसे महंगा इंजेक्शन

# हृदयांश को नई जिंदगी... लगाया साढ़े 17 करोड़ का इंजेक्शन

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर के जेके लोन अस्पताल में 23 माह के बच्चे को दुनिया का सबसे महंगा इंजेक्शन लगाया गया। साढ़े 17 करोड़ रुपए के इंजेक्शन से मासूम हृदयांश को नई जिंदगी मिलेगी। ये खास इंजेक्शन अमेरिका से मंगवाया गया है। डॉक्टर के मुताबिक ये इंजेक्शन दुनिया में अभी तक 3500 बच्चों को दिया जा चुका है। जयपुर के जेके लोन अस्पताल के डॉक्टर प्रियांशु माथुर ने बताया कि क्राउड फंडिंग की मदद से अमेरिका से साढ़े 17 करोड़ रुपए का जोल गेनेस्मा इंजेक्शन मंगवाया गया। उन्होंने बताया कि 23 महीने का हृदयांश स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉपी नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित है, उसके लिए इतने महंगे इंजेक्शन की जरूरत पड़ी। उन्होंने बताया कि बच्चे की थैरेपी शुरू कर दी गई और करीब एक घंटे में बच्चे को ये दवाई दी गई। दवाई देने के दौरान बच्चे की हालत स्थिर रही।



### इंजेक्शन से बच चुकी है 99% बच्चों की जान

डॉक्टर प्रियांशु माथुर ने बताया कि स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉपी नाम की बीमारी में बच्चे की लाइफ दो से चार साल की ही रहती है। अभी तक ये इंजेक्शन दुनिया के करीब 3500 बच्चों को लग चुकी है और इन सभी बच्चों की जान बचा ली गई। डॉक्टर प्रियांशु माथुर ने बताया कि जिस बीमारी में बचने के चांस बहुत ही कम होते थे, वहीं इस जोल गेनेस्मा इंजेक्शन लगाने से 99 फीसदी बच्चों की जान बच चुकी है। उन्होंने बताया कि इस दवा का असर सात से दस दिन में शुरू हो जाता है, लेकिन पूरी तरह से असर करने में थोड़ा समय लगेगा। दो महीने तक बच्चे की दूसरी दवाइयां भी चलेंगी। उन्होंने बताया कि बच्चे को 24 घंटे एडमिट रखा जाएगा, जिसके बाद सबकुछ सही रहने पर बच्चे की अस्पताल से छुट्टी कर दी जाएगी. डॉक्टर के मुताबिक अगले कुछ महीनों तक हृदयांश की दवाइयां चलेंगी।

### क्या है एसएसए बीमारी

चिकित्सकों के मुताबिक स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) एक जेनेटिक न्यूरोमस्कुलर डिसऑर्डर है। इसमें एक जरूरी जीन में खराबी के कारण शरीर पर्याप्त मात्रा में SMN1 प्रोटीन नहीं बना पाता है। यह प्रोटीन नर्वस सेल को हेल्दी मसल्स को बनाए रखने और उनकी कार्यक्षमता के लिए आवश्यक है। SMN1 प्रोटीन की कमी के कारण मांसपेशियां धीरे-धीरे कमजोर होने लगती हैं, जिससे शारीरिक एक्टिविटी करने में परेशानी होती है। इसके कारण हृदयांश का कमर से नीचे का हिस्सा बिल्कुल भी काम नहीं कर रहा था। इस बीमारी का इलाज 24 महीने की उम्र तक ही किया जाता है।

### क्राउड फंडिग से जुटाई राशि

हृदयांश के पिता नरेश शर्मा राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं और जब हृदयांश को परेशानी होने लगी तो परिवार ने जयपुर के अलावा दिल्ली समेत अन्य जगहों के चिकित्सकों को दिखाया। तब इंजेक्शन के बारे में पता चला। डॉक्टर बताते हैं कि अगर 24 महीने के अंदर इस बीमारी का इलाज नहीं कराया गया तो ये बीमारी धीरे-धीरे पूरे शरीर में फैल जाती। इससे जान को खतरा भी बढ़ सकता था। इस इंजेक्शन की कीमत के लिए क्राउड फंडिंग से पैसा जुटाया गया। ब्राह्मण समाज ने बच्चे के इंजेक्शन के लिए राशि जुटाने के लिए क्राउड फंडिग अभियान शुरू किया। इस अभियान में विभिन्न संगठन भी मदद के लिए आगे आए, तब जाकर यह राशि जुट पाई।

### पर्चो दाखिल करवाते वक्त मौजूद रहे रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कराने वाले गणेश्वर शास्त्री

# मोदी ने तीसरी बार वाराणसी से दाखिल किया नामांकन

**एजेंसी** | वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। नामांकन दाखिल करने से पहले मंगलवार सुबह गंगा नदी के तट पर दशाश्वमेध घाट पर पूजा की और काल भैरव मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आरती भी की। इसके बाद पीएम मोदी नामांकन दाखिल करने पहुंचे। सफेद कुर्ता-पायजामा और नीली सदरी पहने पीएम मोदी वाराणसी जिलाधिकारी के कार्यालय (कलेक्ट्रेट) पहुंचे। उनके साथ गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ समेत तमाम बड़े नेता भी मौजूद रहे।

पीएम मोदी तीसरी बार इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वाराणसी में लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा। इससे पहले उन्होंने 2014 में पहली बार यहां से किस्मत आजमाई थी और जीत हासिल की थी। 2019 में भी मोदी यहीं से लड़े और काशीवासियों ने उन्हें निराश नहीं किया और लगातार दूसरी बार संसद भेजा।

पीएम मोदी ने नामांकन के बाद पीएम मोदी ने पोस्ट कर कहा कि काशी के मेरे परिवारजनों का हृदय से आभार! वाराणसी से लगातार तीसरी बार नामांकन कर बेहद उत्साहित हूं. बीते 10 वर्षों में आप सबसे जो अद्भुत स्नेह और आशीर्वाद मिला है, उसने मुझे निरंतर सेवाभाव और पूरे संकल्प के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया है. आपके भरपूर समर्थन और सहभागिता से मैं अपने तीसरे टर्म में भी नई ऊर्जा-शक्ति के साथ यहां के चौतरफा विकास और जनता-जनार्दन के कल्याण में जुटा रहूंगा. जय बाबा विश्वनाथ!

### चार स्थानीय नागरिक बने प्रस्तावक

मोदी के नामांकन पत्र में चार स्थानीय नागरिक प्रस्तावक बने। इनमें पंडित गणेश्वर शास्त्री, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा और संजय सोनकर का नाम शामिल है। जब पीएम मोदी कलेक्टरेट ऑफिस में नामांकन करने पहुंचे तो उनके बगल में शास्त्री को बैठे देखा गया। गणेश्वर शास्त्री ने जनवरी में अयोध्या में भगवान राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए 'मुहूर्त' निकाला था। ये ब्राह्मण समाज से हैं। वहीं बैजनाथ पटेल ओबीसी समाज से आते हैं और संघ के पुराने और समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। लालचंद कुशवाहा ओबीसी बिरादरी से हैं और संजय सोनकर दलित समाज से हैं।

### 'पोलिंग बूथ लोकतंत्र का मंदिर'

नामांकन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पोलिंग बूथ लोकतंत्र का मंदिर है। 10 बजे के पहले दिया जला कर, थाली बजा कर, घंटी बजा कर, भारत माता की जय बोलते हुए लोगों को मतदान केंद्र तक लाएं। कल श्रीनगर का मतदान लोकतंत्र की जीत है। अगर वहां ऐसा है तो देश का मतदान 100 प्रतिशत होना चाहिए। हर बूथ पर पहले से 370 वोट ज्यादा होना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। मेरी जीत जरूरी नहीं है पर हर बूथ की जीत ही लोकतंत्र की जीत है।



### पीएम तीन करोड़ की संपत्ति के मालिक, न कोई बकाया है और ना ही केस

# मोदी के पास नहीं है अपनी कार और ना ही घर

**एजेंसी** | वाराणसी

प्रधानमंत्री की आय में बीते पांच साल में 50 लाख रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2019 के प्रधानमंत्री के शपथ पत्र के अनुसार वह दो लाख 51 हजार 36 हजार 119 रुपए की संपत्ति के मालिक थे। उस दौरान उनके पास गांधीनगर में 3 हजार 531 वर्ग फीट का प्लाट भी था। उस प्लाट को उन्होंने गत मार्च महीने में नादब्रह्म कला केंद्र की स्थापना के लिए दान दे दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन करोड़ दो लाख छह हजार 889 रुपए की चल संपत्ति के मालिक हैं। उनके पास 52 हजार 920 रुपए नकद हैं।

बीते पांच साल में प्रधानमंत्री ने 84,40,870 रुपए का इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल किया है। प्रधानमंत्री ने न कोई लोन ले रखा है और ना उन पर किसी का बकाया है। उनके खिलाफ एक भी आपराधिक केस नहीं है। 73 वर्षीय प्रधानमंत्री मोदी ने 1983 में गुजरात यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ आर्ट्स की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। प्रधानमंत्री की आय का जरिया पीएमओ से मिलने वाला वेतन और बैंक से मिलने वाला ब्याज है। एसबीआई के गांधीनगर स्थित शाखा में उनके खाते में 73,304 रुपए और वाराणसी स्थित खाते में 7000 रुपए हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में उनके नाम से दो करोड़ 85 लाख 60 हजार 338 रुपये की एफडी है। प्रधानमंत्री के पास 9,12,398 रुपए का नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट है। इसके अलावा उनके पास 45 ग्राम सोने की चार अंगूठी है, जिनकी कीमत 2,67,750 रुपए है।



वर्ष 2023-24 में टीडीएस रिटर्न से 3,33,179 रुपए मिले। प्रधानमंत्री के पास कृषि योग्य या आवासीय जमीन नहीं है। उनके पास अपना रिहायशी मकान नहीं है और एक भी निजी वाहन नहीं है।

### बहादुरगढ़ में बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा



# कांग्रेस की नीति और नियत ठीक नहीं: सीएम भजनलाल

**बेधड़क** | बहादुरगढ़

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार, आतंकवाद, नक्सलवाद, तुष्टीकरण और गरीबी की जननी है। इस पार्टी को सबसे ज्यादा समय सत्ता में रहने का मौका मिला, मगर गरीबों की सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में भ्रष्टाचार का आलम यह था कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी कहते थे कि दिल्ली से हम 1 रुपया भेजते हैं तो जनता तक 15 पैसे ही पहुंचते हैं, वहीं आतंकवाद के कारण लोग डर के साये में जीते थे। आतंकवादी आए दिन बम फोड़कर चले जाते थे। देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों के सिर भी काट दिए जाते थे। सीएम शर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। गरीब कल्याण और देश के विकास के साथ ही दुनिया में भारत का गौरव भी बढ़ा है। मुख्यमंत्री मंगलवार को हरियाणा के बहादुरगढ़ में रोहतक लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ.अरविंद कुमार शर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

### तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे मोदी

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक कांग्रेस का वर्चस्व था, मगर इनकी नीति और नियत ठीक नहीं होने के कारण जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद जब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देखा कि कांग्रेस स्वार्थ और तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है तो उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देकर जनसंघ का गठन किया और उनके राष्ट्रवाद के सिद्धांत पर चलते हुए आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद कुमार शर्मा को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा के प्रत्याशियों को दिया हुआ एक-एक वोट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिलेगा और वे तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनकर भारत को प्रगति की नई बुलंदियों तक पहुंचाएंगे।

### एक्शन मोड में भजन सरकार

# फर्जी NOC से ऑर्गन ट्रांसप्लांट केस की जांच के लिए एसआईटी गठित

- राज्य सरकार के आदेश पर बनाई गई आठ सदस्यों की टीम
- जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ करेंगे मॉनिटरिंग

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर पुलिस ने राज्य सरकार के आदेश पर फर्जी एनओसी से ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले की जांच के लिए एसआईटी (विशेष जांच दल) गठन किया है। ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में दर्ज तीनों एफआईआर की जांच एसआईटी करेगी। एसआईटी में 8 पुलिस अधिकारी और कांस्टेबल करेंगे। एसआईटी की जांच की मॉनिटरिंग जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ करेंगे।

जयपुर कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में हर दिन नई जानकारी टीम के पास आ रही है। इस पर पुलिस टीम द्वारा काम किया जा रहा है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन कर दिया गया है। इसमें जिम्मेदार पुलिस अधिकारी रहेंगे। जो पहले दिन से इस केस पर काम भी कर रहे हैं। एसआईटी में एसीपी गांधी नगर गोपाल सिंह ढाका और एसीपी पुलिस लाइन हेमराज मुंड, दो पुलिस निरीक्षक हवा सिंह मंगावा और भवानी सिंह, दो एएसआई मूल सिंह और धर्मेंद्र कुमार के साथ-साथ दो कांस्टेबल चैन सिंह और सुभाष चंद्र रहेंगे। इस केस की मॉनिटरिंग खुद जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ करेंगे।



### जल्द होगी फोर्टिस, ईएचसीसी और मणिपाल प्रशासन से पूछताछ

ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में गिरफ्तार फोर्टिस हॉस्पिटल के दो डॉक्टर जितेन्द्र गोस्वामी और संदीप गुप्ता को पुलिस ने रविवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को 15 मई तक पुलिस रिमांड पर भेजा था। गिरफ्तार डॉक्टर जितेंद्र गोस्वामी से हुई पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। सामने आया है कि जितेंद्र गोस्वामी SMS अस्पताल के एएओ गौरव सिंह से डायरेक्ट संपर्क में था। जब तक वह मणिपाल हॉस्पिटल में रहा, उसने वहां पर कई ट्रांसप्लांट किए थे। आरोपी ने जब फोर्टिस अस्पताल जॉइन किया तो भी गौरव के संपर्क में रहा और हॉस्पिटल के कई स्टाफ को अपने साथ मिला चुका था। जानकार सूत्रों की माने तो पुलिस जल्द ही फोर्टिस, ईएचसीसी और मणिपाल हॉस्पिटल प्रशासन को पूछताछ के लिए बुला सकता है।

### क्या है पूरा मामला

एसीबी ने जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में 31 मार्च सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह और ईएचसीसी हॉस्पिटल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर अनिल जोशी को लेनदेन करते रंगे हाथों पकड़ा था। टीम ने मौके से 70 हजार रुपए और 3 फर्जी एनओसी भी जब्त किए थे। कार्रवाई के बाद एसीबी ने आरोपियों के घर और अन्य ठिकानों पर भी सर्च किया था। इनकी गिरफ्तारी से खुलासा हुआ था कि फोर्टिस हॉस्पिटल का को-ऑडिनेटर विनोद सिंह भी कुछ समय पहले पैसा देकर फर्जी सर्टिफिकेट लेकर गया था। एसीबी ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया था। बाद में जयपुर पुलिस ने इस केस में जांच शुरू कर दी थी। पुलिस इस मामले में फरार चल रहे मैड सफर के अन्य डायरेक्टर राज कमल व दलाल मोहम्मद मुर्तजा अंसारी को पकड़ने के लिए जयपुर पुलिस पश्चिम बंगाल के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

**जरूरी खबर**

## शहर में निर्बाध पेयजल आपूर्ति के दिए निर्देश



**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि जयपुर शहर में पेयजल की आपूर्ति नियमित रूप से की जाए ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति तक पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें और पेयजल नहीं मिलने, दूषित होने अथवा कम मात्रा में आने वाली समस्त शिकायतों को उसी दिन अथवा तीन दिन में समाधान करें। साथ ही कंट्रोल रूम के अलावा व्हाट्सएप ग्रुप पर आई शिकायतों का भी उसी दिन समाधान करने का प्रयास करें।

## RPSC परीक्षाओं के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 16 मई से 24 मई तक सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक परीक्षा के तहत ऐच्छिक विषयों की परीक्षा का आयोजन जयपुर शहर के परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन प्रथम पारी में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे एवं द्वितीय पारी में दोपहर 2:30 से शाम 5:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए कएेक्ट्रेट के कमरा नंबर-116 में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। परीक्षा के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## इस बार ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने पर फोकस



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मंगलवार को सचिवालय में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभागों की समीक्षा ली। इसमें बताया गया कि इस मानसून में वन विभाग विभिन्न राज्य और केंद्र वित्त पोषित योजनाओं के माध्यम से वन और अन्य भूमि जैसे गोचर, पंचायत भूमि आदि पर लगभग 70 हजार हेक्टेयर में वृक्षारोपण पूरा करेगा। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी वृक्षारोपण का कार्य चल रहा है। मुख्य सचिव ने राज्य राजमार्गों के किनारे वृक्षारोपण कार्य करने और वृक्षारोपण स्थलों को 5 वर्षों से अधिक समय तक बनाए रखने के लिए नरेगा के साथ अभिसरण योजना तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही वृक्षारोपण कार्य में महिलाओं की बढ़ाने पर जोर दिया।

### गहलोत-डोटासरा के बयान पर भाजपा प्रदेश महामंत्री और खंडार विधानसभा गोठवाल का पलटवार

# कांग्रेस के पास न विजन है ना सोच, जनता पीएम मोदी से खुश

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के प्रदेश महामंत्री और खंडार विधानसभा से विधायक जितेंद्र गोठवाल ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयानों पर पलटवार किया।

गोठवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए कहा कि पूर्व सीएम गहलोत क्या बोलते हैं यह स्वयं उन्हें नहीं पता, वहीं डोटासरा तो आलाकमान के आदेशों की पालना में जुटे हुए हैं। कांग्रेस के नेताओं के पास न तो कोई विजन है और ना ही कोई सोच। ऐसे में जब कांग्रेसी नेताओं के पास कोई मुद्दा ही नहीं बचा तो



वे अनर्गल बयान दे रहे हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि पूर्व सीएम गहलोत भाजपा के 400 पार के नारे पर सवाल उठा रहे हैं, जबकि उन्हें यह नहीं पता कि यह नारा जनता के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास करती है। देश की जनता मानती है कि भारत के सम्मान के लिए और गरीबों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जरूरी है।

ऐसे में उनका 400 पार का नारा आमजन का विश्वास है। इसलिए यह 400 पार का नारा भाजपा के लिए ध्यैय वाक्य है। गोठवाल कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तो आलाकमान को खुश करने में जुटे हुए हैं वे केवल आलाकमान के आदेशों की पालना में लगे हुए हैं। इनका स्वयं का कोई विजन नहीं है। प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार में डोटासरा ने क्या किया था, यह प्रदेश की जनता को याद है।

### पांच साल आपसी झगड़ों में उलझी रही कांग्रेस सरकार

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक गोठवाल ने कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार 5 साल तक आपसी झगड़ों में ही उलझी रही। इस दौरान प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट हो गई थी। महिलाओं और दलितों पर अत्याचार किए जा रहे थे। वहीं पेपरलीक कर लाखों युवाओं के भविष्य के साथ जो कुठाराघात कांग्रेस सरकार ने किया था वो प्रदेश की जनता को याद है। भाजपा की 5 माह की भजनलाल सरकार ने कानून व्यवस्था को मजबूत करते हुए एंटी गैंगस्टर फोर्स का गठन किया। 77 पेपरलीक माफियाओं को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया। वहीं दूसरी ओर अवैध बजरी खनन माफियाओं पर नकेल कसी गई।

### भजन लाल सरकार की देशभर में प्रशंसा

भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि भाजपा की 5 माह की भजनलाल सरकार के कार्यो की देशभर में प्रशंसा हो रही है। प्रदेश भाजपा के 136 कार्यकर्ता देशभर के 8 राज्यों में लोकसभा चुनावों के प्रचार की कमान संभाल रहे हैं। इन कार्यकर्ताओं को जहां जिस प्रांत, बूथ, विधानसभा या लोकसभा की जिम्मेदारी दी गई, वहां पूर्ण समर्पण के साथ भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार कर रहे हैं। देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों में विश्वास है। इसी की बदौतल भाजपा 400 पार के संकल्प को पूरा करेगी। कांग्रेसी नेता कम मतदान के प्रतिशत को देखकर खुश हो रहे हैं, लेकिन यह खुशी ज्यादा दिन की नहीं है।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ली मतगणना तैयारियों को लेकर बैठक

# अब प्रत्याशियों की किस्मत का खुलेगा पिटारा, तैयारियां शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के बाद अब प्रत्याशियों की किस्मत का पिटारा खुलने वाला है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने लोकसभा आम चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना के संबंध में तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर समीक्षा की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि मतगणना को लेकर आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का गंभीरता के साथ पालन सुनिश्चित करवाएं। मतगणना स्थल की तैयारी, मतगणना स्थल के अंदर एवं बाहर सुरक्षा इंतजाम, मतगणना दल, ईवीएम एवं पोस्टल बैलट गणना, मतगणना के दौरान वीडियोग्राफी, ईटीबीपीएस की गणना को लेकर तैयारी, वीपीपैट पेपर स्लिप काउंटिंग, एवं अन्य इंतजामों को लेकर उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रखे जाएं और पूरी पारदर्शिता के साथ मतगणना की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं।

गुप्ता ने बताया कि राज्य में 27 मतगणना केन्द्र स्थापित किए जाएंगे, जिनमें सभी लोकसभा क्षेत्रों के साथ बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव के लिए मतों की गिनती की जाएगी। इन सभी केन्द्रों पर पत्रकारों को मतगणना संबंधी सूचना देने के लिए मीडिया सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

मीडिया सेंटर पर केवल अधिकृत पत्रकारों को ही प्रवेश दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना के दौरान एवं चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद कानून व्यवस्था की स्थिति नियंत्रित बनाए रखने के लिए बैरिकेडिंग, पुलिस बंदोबस्त, पार्किंग व्यवस्था आदि के लिए उचित प्रबंध जिला निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा धारा 144 दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के अनुसार मतगणना के पश्चात विजय जुलूस, हर्ष फायरिंग, डीजे वाहन का प्रयोग, वाहन रैली आदि जैसे आयोजनों पर रोक रहेगी।






### सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने बताया कि सभी मतगणना केंद्रों पर नियत समय पर सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। सबसे पहले डाक मतों की गिनती शुरू होगी। इसके आधे घंटे बाद सुबह 8.30 बजे से ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। पोस्टल बैलेट की गणना शुरू होने से पहले अधिकृत एजेंट, उम्मीदवार को पोस्टल बैलेट के काउंटिंग प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही पोस्टल बैलेट की गणना समाप्त होने के बाद प्रत्येक उम्मीदवार को मिले डाक मत पत्रों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान बिजली की व्यवस्था सुचारू रूप से रहे यह सुनिश्चित कर लिया जाए।

### काउंटिंग हॉल में मोबाइल पर रहेगा प्रतिबंध

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम से आने वाली ईवीएम मशीनों की क्रॉसिंग न होने, एजेंटों को रंगीन आई कार्ड जारी करने, एजेंटों की बैठक व्यवस्था करने और ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्ट्रांग रूम के बाहर लगाई गई स्क्रीन हर समय चालू रहने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि काउंटिंग हॉल में मोबाइल फोन पर पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा और कोई भी एजेंट, प्रत्याशी मोबाइल लेकर अंदर नहीं जा सकेंगे। वहीं डाक मत पत्रों की गणना के लिए लगाए गए प्रत्येक टेबल पर एक एआरओ की उपस्थिति होगी।

### लहूलुहान हालात मे पहुंचीं थाने

# कांग्रेस महिला सेवादल की जिलाध्यक्ष पर किया कुल्हाड़ी से हमला



**बेधड़क** | जयपुर

बांसवाड़ा जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते कुछ लोगों द्वारा कांग्रेस सेवादल की जिलाध्यक्ष गायत्री खांट पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर लहूलुहान कर देने का मामला सामने आया है। खांट को परतापुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

कांग्रेस महिला सेवादल जिलाध्यक्ष गायत्री खांट ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ उनकी मां के घर बोरी गांव स्थित पीहर गई हुई थीं। जहां पर उनके ही परिवार के काका अमर व उनके लड़कों ने बिना किसी कारण के अचानक से उनके सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और जमकर मारपीट की। इसके चलते उनके गले व पैरों पर गंभीर चोटे आई हैं। घटना गढ़ी थाना क्षेत्र के बोरी गाव की बताई जा रही है। जहां से किसी तरह से बचते बचाते गायत्री खांट लहूलुहान हालत में गढ़ी थाने में पहुंचीं और मामला दर्ज कराया। इस दौरान गढ़ी थाने का निरीक्षण करने पहुंची पुलिस महा निरीक्षक एस परिमला और पुलिस अधीक्षक भी मौजूद थे। उन्होंने मामले की पूरी जानकारी ली और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने और पीड़िता का उपचार कराने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष और पीहर पक्ष के परिवार से के साथ पुराना विवाद बताया जा रहा है। इसको लेकर आरोपियों ने अपनी मां से मिलने पहुंची गायत्री खांट पर अचानक से हमला बोल दिया और गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की कार्रवाई

# दो कमरों में चल रहे नर्सिंग कॉलेज को किया सील

**बेधड़क** | जयपुर

स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अजमेर के सराधना स्थित राजस्थान नर्सिंग कॉलेज को सील कर दिया। यह नर्सिंग कॉलेज नियम के विपरीत चल रहा था।

प्रिंसिपल से जब कॉलेज के संचालन से जुड़े दस्तावेज मांगे गए, तो वह नहीं दे सके। कॉलेज की हालात ऐसी थी कि वहां स्टूडेंट के बैठने के लिए व्यवस्था तक नहीं है। सीएमएचओ डॉ. ज्योत्सना रंग ने बताया कि शिकायत मिलने पर जब अजमेर के सराधना गांव में स्थित राजस्थान नर्सिंग कॉलेज का



निरीक्षण किया गया तो कॉलेज का भवन राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के मापदंड के अनुसार नहीं पाया गया। कॉलेज के प्रिंसिपल से जब दस्तावेज मांगे गए तो वे कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके।

यहीं नहीं, कॉलेज में दो क्लासरूम हैं, जिनमें जीएनएम की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। जब जीएनएम की ट्रेनिंग करने वालों के संबंध जानकारी मांगी गई तो उसे भी उपलब्ध नहीं करा सके। खास बात है कि कॉलेज स्टॉफ का भी अटेंडेंस रजिस्टर भी दिखा पाए। नर्सिंग ट्यूटर के दस्तावेज जांचने पर पाया गया कि कुछ नर्सिंग ट्यूटर एवं प्रिंसिपल का राजस्थान नर्सिंग काउंसिल द्वारा रजिस्ट्रेशन भी रिन्यूवल नहीं था।

जानकारी के मुताबिक राजस्थान हॉस्पिटल स्कूल ऑफ नर्सिंग कॉलेज में दो पार्टनर थे। दोनों पार्टनर के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद एक पार्टनर ने सीएमएचओ कार्यालय पहुंचकर नर्सिंग कॉलेज की पूरी पोल खोल के रख दी।

### एक्सीडेंट का बहाना बनाकर पटवारी हुआ रफूचक्कर

# सूचना लीक होने से फिर ट्रैप कार्रवाई हुई फेल

**बेधड़क** | जयपुर

भ्रष्टों को सलाखों तक पहुंचाने के बजाए एसीबी के अधिकारी-कर्मचारी उनको संजीवनी देने में लगे हैं। दूदू के तत्कालीन कलेक्टर का ट्रैप फेल होने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब फागी के माधोराजपुरा पंचायत के पटवारी के खिलाफ ट्रैप कार्रवाई भी फेल होने का मामला सामने आया है।

ट्रैप की कार्रवाई नहीं होने पर एसीबी ने दो माह बाद माधोराजपुरा पटवारी रोहित कुमार पारीक के खिलाफ अब मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी पटवारी ने परिवादी सांगानेर निवासी भंवरलाल सैनी को घूस की राशि लेकर डिग्गी मालपुरा रोड स्थित एक रसगुल्ले की दुकान पर बुलाया था। परिवादी घूस के 70 हजार रुपए लेकर दुकान पर पहुंच गया और कुछ दूरी पर पटवारी अपनी कार में बैठा था। इस दौरान पटवारी को भनक लग गई और आरोपी को फोन करके बोला कि उसके परिचित का एक्सीडेंट हो गया तो वह माधोराजपुरा जा रहा रहा है। इसके बाद जब परिवादी भंवरलाल सैनी ने आरोपी रोहित कुमार पारीक से संपर्क किया तो पारीक ने कहा कि अब उसको आने की जरूरत नहीं है और नामांतरण से संबंधित पत्रावली सरपंच को भेज दी। ट्रैप की कार्रवाई फेल होने पर एसीबी की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

### 1.80 लाख रुपए की मांगी थी घूस

पड़ताल में सामने आया कि भंवरलाल सैनी ने एसीबी में फरवरी माह में शिकायत की थी। आरोप था कि उसने ग्राम माधोराजपुरा में 11 बीघा 3 बिस्वा जमीन की रजिस्ट्री कराई थी। जमीन का नामांतरण खोलने की एवज में पटवारी रोहित कुमार पारीक दो फीसदी कमीशन यानि करीब 1.80 लाख रुपए की डिमांड कर रहा था। कृषि भूमि की रजिस्ट्री की कीमत 90 लाख रुपए थी। एसीबी ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन किया। सत्यापन के दौरान परिवादी ने आरोपी से इतनी राशि देने में असमर्थता जताई। इस पर आरोपी 90 हजार रुपए सरपंच के नाम से तय किए और दस हजार रुपए खुद के लिए मांगे। आरोपी ने सत्यापन के दौरान परिवादी से 20 हजार रुपए ले लिए थे। जब बाकी की राशि लेकर परिवादी आरोपी के पास गया तो सूचना लीक हो गई और आरोपी वहां से रफुचक्कर गया। इसके बाद पटवारी ने घूस लेने से इंकार कर दिया और नामांतरण की फाइल सरपंच को भेज दी।

### मुख्य सचिव ने की माइंस, पर्यावरण, सीया और सेक के अधिकारियों संग उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

# खान धारकों को पर्यावरण स्वीकृति दिलाने के काम को प्रमुखता दें: पंत

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा है कि जिला स्तरीय समिति से पर्यावरण स्वीकृतियां प्राप्त खानधारकों को राज्य स्तरीय समिति सीया से पर्यावरण स्वीकृतियां जारी कराने में संबंधित विभागों को फेसिलिलेटर की भूमिका निभानी होगी।

उन्होंने माइंस, पर्यावरण, राज्य स्तरीय एंवायरमेंट इंपेक्ट एसेसमेंट अथॉरिटी, डिया से पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त खान व क्वारी लाइसेंस धारकों से परस्पर सहयोग व समन्वय से तय समय सीमा में पर्यावरण स्वीकृतियां जारी कराने की आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने को कहा है। मुख्य सचिव मंगलवार को सचिवालय में माइंस, पर्यावरण, सीया और सेक के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय समिति से पर्यावरण स्वीकृतियां प्राप्त करीब 24 हजार 5 हैक्टेयर तक की लीज व क्वारी लाइसेंस वाली खानों के आवश्यक दस्तावेज परिवेश पोर्टल पर अपलोड़ कर दिए गए है। सीया द्वारा करीब 12 हजार आवेदनों की स्क्रूटनिंग का काम भी कर लिया गया है। अब शेष रहे आवेदनों की स्क्रूटनिंग के काम में तेजी लाने के साथ ही स्क्रूटनिंग हो चुके आवेदनों के खान धारकों द्वारा फार्म-2 का परिवेश पोर्टल पर अपलोड किया जाना है।



स्क्रूटनिंग वाली खानों के खानधारक स्वयं या माइंस विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए अविलंब फार्म 2 अपलोड़ करें ताकि राज्य स्तरीय अथॉरिटी द्वारा पर्यावरण स्वीकृतियां जारी हो सके। उन्होंने छोटी मोटी कमियों को पूरा कराने के लिए अनावश्यक पत्राचार के स्थान पर औपचारिकताओं को सीधे संबंधित से पूरी कराने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

### राज्य की पर्यावरण स्वीकृति भी जरूरी

मुख्य सचिव पंत ने बताया कि एनजीटी के आदेशों के अनुसार जिला स्तर से पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त इन खान धारकों को राज्य स्तरीय समिति से पर्यावरण स्वीकृति लिया जाना जरूरी है। उन्होंने माइंस विभाग द्वारा करीब 24 हजार खानों के दस्तावेज परिवेश पोर्टल पर अपलोड कर पूरी करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि माइंस प्रदेश की महत्वपूर्ण आर्थिक गतिविधि से जुड़ा विभाग है।

### प्राथमिकता से हो रहा स्क्रूटनिंग कार्य

अतिरिक्त मुख्य सचिव वन व पर्यावरण अपर्णा अरोड़ा ने बताया कि माइंस व पर्यावरण विभाग द्वारा प्राथमिकता से स्क्रूटनिंग कार्य किया जा रहा है। सीया द्वारा 12 हजार आवेदनों को वेलिडेटेड कर लिया गया है और संबंधित खान धारकों को परिवेश पोर्टल पर फार्म 2 अपलोड करने को कहा गया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विभाग द्वारा सहयोगी की भूमिका निभाते हुए वेलिडेशन का कार्य किया जा रहा है। माइंस सचिव आनन्दी ने बताया कि विभाग द्वारा जिला स्तरीय समिति से पर्यावरण स्वीकृत प्राप्त लगभग सभी को राज्य स्तरीय प्राधिकरण को ऑनलाइन परिवेश पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

### पोर्टल पर अपलोड कराएं फार्म

माइंस सचिव आनन्दी ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे वेलिडिटेड आवेदनों के खानधारकों से समन्वय बनाते हुए उन्हें परिवेश पोर्टल पर तत्काल फार्म 2 भर कर अपलोड करावें ताकि तय समय सीमा में पर्यावरण स्वीकृतियां जारी कराई जा सके। विभाग इसे मिशन मोड पर ले रहा है ताकि जिला स्तरीय समिति से स्वीकृतियां प्राप्त खानों को राज्य स्तर से पर्यावरण स्वीकृतियां जारी कराकर इन खानों में खनन गतिविधियां बिना किसी अवरोध के जारी रखी जा सकें। आरंभ में सदस्य सचिव सीया ख्याति माथुर ने पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से प्रगति से अवगत कराया। बैठक में अतिरिक्त निदेशक माइंस दीपक तंवर, एसएमई प्रताप मीणा, सेक के सदस्य सचिव अमित जुवाल और राजीव महनोत ने हिस्सा लिया।

## जरूरी खबर

### अतिक्रमणों पर कार्रवाई, 6 केन्टर सामान जब्त



**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रुक्मणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की टीम ने नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर 6 केन्टर सामान जब्त किया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में मेघधन कॉम्पलेक्स अम्बा बाड़ी सब्जी मण्डी, चित्रकूट स्टेडियम के चारों ओर, सेक्टर 01 से 02 के कॉर्नर तक तथा झारखण्ड महादेव मन्दिर से खातीपुरा तिराहे तक, खातीपुरा बाजार, खातीपुरा तिराहे से लता सर्किल तक यातायात पुलिस के साथ अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया कार्यवाही के दौरान 06 केन्टर सामान जप्त कर गोदाम में भिजवाया गया।

### 70kg पॉलीथिन जब्त, 1.50 लाख कैरिंग चार्ज वसूला

**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाते हुए मंगलवार को निगम की टीम ने सोडाला, श्याम नगर और हसनपुरा क्षेत्र से 70 किलो थैली जब्त की। उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि स्वास्थ्य शाखा की सीएसआई और वॉच राइडर ने भी कार्रवाई की, जिसमें मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने 154 चालान कर 68 हजार 600 रुपए, चालान प्रकोष्ठ ने दो चालान करते हुए 66 हजार रुपए और वॉच राइडर ने 28 चालान करते हुए 15500 रुपए वसूले। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि हेरिटेज नगर निगम के स्वच्छता प्रहरी लगातार क्षेत्र में जाकर लोगों से गंदगी नहीं फैलाने को लेकर समझाइश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को भी अपने शहर को स्वच्छ बनाने में निगम का सहयोग देना चाहिए।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## गर्मी के साथ ही पेयजल संकट बढ़ा, PHED विभाग के इंतजाम नाकाफी

## अधिकारियों की मनमानी, आमजन का 'मरण'

# सरकारी टैंकर ब्लैक में, प्राइवेट वाले काट रहे जनता की जेब

पुरुषोत्तम झा | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेशभर में भीषण गर्मी से एक ओर जहां आमजन त्रस्त है, वहीं दूसरी ओर पीएचईडी विभाग के नाकाफी इंतजामों ने उनकी समस्या और बढा दी है। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि कई इलाकों में लोगों के लिए पीने के पानी की माकूल व्यवस्था भी विभाग नहीं करवा पा रहा है। अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं तो निजी टैंकर चालक इस मौके का फायदा उठाकर चांदी कूटने में लगे हैं। ऐसे में दोतरफा मार ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है।



### अधिकारियों ने नहीं किया प्लान

पीएचईडी विभाग के आला अधिकारियों ने गर्मी को देखते हुए जरूरी इंतजाम नहीं किए, जिसके चलते आमजन को परेशानियां उठानी पड रही है। ग्रामीणों की माने तो सरकार की ओर से दिए जाने वाले टैंकरों की भी कालाबाजारी हो रही है, जिससे एक भी टैंकर ग्रामीणों को उपलब्ध नहीं हो रहा है।

### कई इलाके सूखे की चपेट में

कमोबेश यही समस्या जगतपुरा के दूसरे इलाकों में भी बनी हुई है। यहां भी पानी की किल्लत से लोग त्रस्त हैं। पानी की समस्या के चलते निजी टैंकर चालको ने टैंकर की दरें बढ़ा दी। वे एक टैंकर के एक हजार रुपए तक वसूल रहे हैं, फिर भी टैंकर उपलब्ध नहीं करवा रहे। लगातार बढ़ रही समस्या के बाद ग्रामीणों ने स्थानीय पार्षद एवं समाज सेवियों से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

### यहां पर पेयजल की भारी समस्या

जगतपुरा के वीआईटी कॉलेज रोड स्थित चैनपुरा गांव एवं आसपास के इलाकों में हैंडपंप एवं बोरिंग सूख चुकी है। सरकार की ओर से लगाई गई नाममात्र की दो टंकियों में महीने में दो बार पीएचईडी विभाग की ओर से पानी डाला गया है, ऐसे में आमजन के लिए पीने का पानी तो मुहैया करवाना दूर पक्षियों के परिंडे तक इन इलाकों में सूखे पड़े हैं।



### लाइन बिछी, पानी नहीं आया

वीआईटी रोड पर हाइटेंशन चैराहे के आगे कई स्थानों बीसलपुर की पाइपलाइन तो बिछ चुकी है, लेकिन पानी के कनेक्शन अभी शुरू नहीं हुई है। कई इलाकों में पाइपलाइन को बीसलपुर से नहीं जोड़ा गया है। सरकारी तंत्र की लेट लतीफी के चलते इस गर्मी के सीजन में आमजन के लिए पानी को लेकर परेशानियों का पहाड़ खड़ा हो चुका है।

> इलाके में पेयजल की समस्या एक भयावह रूप धारण कर चुकी है, सरकारी मिषनरी में इनकी कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है।
>
> **रोशन लाल करोल,** पूर्व सरपंच

> मेरी जानकारी में ये मामला अब आया है। मैं संबंधित अधिकारियों से जानकारी जुटा रहा हूं। जल्द ही व्यवस्था को पटरी पर लाया जाएगा।
>
> **अनिल कुमार शर्मा, एसई, सिटी सर्किल, साउथ, जयपुर**

## शाश्वत गीता

### प्रश्न पूछो, जिज्ञासा करो... खोजो एवं संशय को पूर्ण रूप से मिटाओ



*विनायक शर्मा*
*आध्यात्मिक प्रचारक*

कई वर्षों से हमें धर्म के नाम पर यह कहकर डरा दिया जाता है कि जो कह दिया, वो मानो या जो शास्त्रों में लिखा है उस पर प्रश्न मत उठाओ, किंतु "शास्त्र" हमारे लिए है या "हम" शास्त्र के लिए! शास्त्र भी तो किसी खोजी मनुष्य का ही अनुभव है, किसी ने खोजा, जाना और शास्त्रों में लिख दिया और हम खोज की मेहनत से बचने के लिए केवल उसे ही सब कुछ मान बैठे, जानने का प्रयास ही छोड़ दिया जिन्होंने "शास्त्र" लिखे उन्हें विशिष्ट का दर्जा दे दिया और ख़ुद सामान्य होकर रह गए, आप भी "विशिष्ट ही है बस जानने की बजाय मानकर बैठ गए हैं, और जो लोग केवल शास्त्रों की ही मानते हैं तो यह बात शास्त्रों में भी लिखी हुई है, बृहस्पति स्मृति में कहा गया है-

**केवलं शास्त्रमाश्रित्य न कर्तव्य विनिर्णयः।**
**युक्तिहीन विचारे तु धर्महानिः प्रजायते।।**

अर्थात् - केवल शास्त्रों का आश्रय लेकर कर्तव्य निर्णय नहीं करना चाहिए, क्योंकि युक्तिहीन विचार करने पर धर्म की हानि हो जाती है।

शास्त्र दर्पण है, किंतु दर्पण में देखने के लिए भी नेत्रों की आवश्यकता है नेत्रहीन के लिए दर्पण किसी भी काम का नहीं। शास्त्र आपको खोज में सहायक हो सकते है, किंतु पूर्ण रूप से किसी और की खोज को किसी और के अनुभव को "सत्य" मानकर ही जीते रहना मूढ़ता के सिवाय क्या है? अगर परमात्मा प्रश्न उठाने से नाराज होते तो अर्जुन को पूर्ण गीता का ज्ञान नहीं देते, किंतु अर्जुन द्वारा निरंतर प्रश्न पूछने पर भगवान श्रीकृष्ण ने उसके सभी प्रश्नों के उत्तर सरलता से दिए, साथ ही उसे विश्वास दिलाने के लिए अपने विराट स्वरूप के दर्शन भी करवाए, इसीलिए सही में गीता का अधिकारी वही है, जो प्रश्न उठा रहा है, जो खोज रहा है... जो जिज्ञासा कर रहा है, रटकर और सुनकर सिर्फ मानने वालों के लिए कोई भी शास्त्र उपयोगी नहीं है।

## पुलिस महानिदेशक यू आर साहू ने दिए निर्देश

# 'गैर पुलिसिंग मुद्दों' पर वर्दी में रील बनाई तो सख्त कार्रवाई

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर वर्दी में 'गैर पुलिसिंग मुद्दों' पर वीडियो, रील या स्टोरी आदि अपलोड करने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस संबंध में राजस्थान पुलिस के मुखिया यू आर साहू ने मंगलवार को सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) साहू ने बताया कि पुलिसकर्मियों द्वारा वर्दी में स्वयं के वीडियो, रील और स्टोरी जिनका पुलिस कार्य से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं होता है, उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट या अपलोड करना पुलिस नियमों के खिलाफ है। इससे विभाग की गरिमा और छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

साहू ने राज्य के सभी एसपी, कमांडेंट एवं अन्य पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि भविष्य में किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पुलिस कार्य से संबंधित कार्य के अलावा अन्य किसी भी प्रकार के वीडियो, रील, स्टोरी तैयार कर पोस्ट व अपलोड नहीं की जाए। नियंत्रक अधिकारी इस प्रकार की पोस्ट करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। डीजीपी ने पुलिस कर्मियों से आह्वान किया है कि पुलिस वर्दी हमारी प्रतिबद्धता, समर्पण और जनता के प्रति हमारी जवाबदेही का प्रतीक है। इसका उपयोग करते समय हमें अत्यधिक सावधानी और गंभीरता बरतनी चाहिए। वर्दी में अनुचित सामग्री का प्रसारण न केवल अनुशासनहीनता का प्रतीक है, बल्कि यह जनता के बीच विश्वास को भी कमजोर करता है।



## अवैध निर्माण के खिलाफ बीजेपी पार्षदों ने किया प्रदर्शन, दी चेतावनी...

# अभी हमारा विरोध गांधीवादी... समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सरकार तक जाएंगे

बेधड़क | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज क्षेत्र में अवैध निर्माण के विरोध में मंगलवार को बीजेपी पार्षदों ने निगम मुख्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान बीजेपी पार्षदों ने आयुक्त अभिषेक सुराणा से मिलकर निगम अधिकारियों की मिली भगत से पूरे शहर में अवैध निर्माण होने की शिकायती की।

भाजपा पार्षद कुसुम यादव ने कहा कि नगर निगम हेरिटेज क्षेत्र में अवैध निर्माण की बाढ़ आ गई है। पूरे शहर में निगम के अधिकारियों की मिली भगत से ही अवैध निर्माण हो रहे हैं, जिसमें किशनपोल जोन नंबर वन पर है। यहां के अधिकारी भी इस गोरखधंधे में शामिल हैं।

यादव ने कहा कि चारदीवारी कि छोटी - छोटी गलियों में पांच - पांच मंजिल का अवैध निर्माण किया जा रहा है। पहले नगर निगम के अधिकारियों द्वारा सीज कर दिया जाता है, लेकिन जब अधिकारियों को पैसा पहुंच जाता है तो उन्हें परमिशन दे देते हैं। उन्होंने कहा कि एक और जहां गरीब तबके के लोगों को अपने मकान के निर्माण की परमिशन के लिए दर-दर की ठोकर खानी पड़ रही है, वहीं दूसरी और लाखों रुपयों की एवज में अवैध निर्माण करवाया जा रहा है। इसमें नगर निगम के किशनपोल जोन की उपायुक्त भी शामिल है। जिनकी शिकायत आम जनता और भाजपा पार्षदों के साथ मिलकर नगर निगम आयुक्त को भी की है। फिलहाल हम गांधीवादी तरीके से विरोध दर्ज करवा रहे हैं, लेकिन अगर समय रहते हमारी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम मंत्री और सरकार के स्तर पर इस समस्या को रखेंगे।



## विभाग ने मांगी सूची, अनुशासनात्मक कार्रवाई के प्रस्ताव भेजने के निर्देश

# बिना सूचना लंबे समय से एब्सेंट कर्मियों की खैर नहीं

बेधड़क | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में बिना सूचना के लंबे समय से स्वेच्छा से अनुपस्थित चल रहे कार्मिकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने ऐसे कार्मिकों के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं।

सिंह के निर्देशों के बाद निदेशक (अराजपत्रित) राकेश कुमार शर्मा ने समस्त राजकीय मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रकों, समस्त अधीक्षकों, संयुक्त निदेशक जोन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों, प्रमुख चिकित्साधिकारियों सहित सभी नियंत्रण अधिकारियों को पत्र लिखकर ऐसे कार्मिकों की सूचना मांगी है। साथ ही इन कार्मिकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के प्रस्ताव भी भिजवाने के निर्देश दिए हैं।

शर्मा ने बताया कि बिना सूचना के अनुपस्थित रहने के मामलों को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। ऐसे कार्मिकों को 3 दिवस में कर्तव्य पर उपस्थित होने के लिए संबंधित नियंत्रण अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किए जा रहे हैं। कर्तव्य पर अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध प्रकरण के अनुसार परिवीक्षाकाल संतोषजनक रूप से पूर्ण नहीं करने, वित्त विभाग के 12 जनवरी 2017 के परिपत्र तथा राजस्थान सिविल सेवा नियम के नियम 86 (4) के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए नियंत्रण अधिकारियों को चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं निदेशालय को 15 दिवस में प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए गए हैं।



### 13 हजार से ज्यादा मरीज आ रहे है ओपीडी में

गौरतलब है कि राजस्थान के सबसे बड़े हॉस्पिटल सवाई मानसिंह की स्थिति देखें तो यहां गर्मी के चलते मरीजों की संख्या बढ़ गई है। ओपीडी में हर रोज औसतन 13 हजार मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा मरीज इन दिनों जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट में आ रहे हैं, जिसमें खांसी-बुखार के अलावा उल्टी, पेटदर्द की शिकायत के मरीज ज्यादा हैं।

## जेडीए की जोन 02 में कार्रवाई

# 49 बीघा भूमि पर बनाई जा रही 3 अवैध कॉलोनी तोड़ी

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-02 में निजी खातेदारी की करीब 49 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-02 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित दिल्ली रोड़, आमेर ठाठर, जिला जयपुर में करीब 38 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''प्राईम सिटी'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-02 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जेडीए द्वारा जोन-02 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम ठाठर, पहाड़ी की तलहटी जिला जयपुर में करीब 09 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बिना भू रूपान्तरण निमार्ण करने के कारण कारवाई की गई।

**जरूरी खबर**

### हथियार सहित इनामी बदमाश को पुलिस ने दबोचा



**धौलपुर।** जिले की राजाखेड़ा थाना पुलिस ने एक युवक के अपहरण और अवैध बजरी के मामले में वांछित चल रहे 20 हजार रुपए के इनामी बदमाश रामभरत ठाकुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी नाव में बैठकर चंबल नदी पार कर मध्य प्रदेश की सीमा में भागने की फिराक में था, जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया।

### कुंड में मिले युवक युवती के शव, फैली सनसनी

**बीकानेर।** जिले के देशनोक थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक व नाबालिग युवती का शव कुंड में मिलने सनसनी फैल गई। थानाधिकारी सुमन शेखावत ने बताया कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। ऐसी भी जानकारी सामने आ रही है कि युवक विवाहित था और उसके दो बच्चे भी हैं। वह एक निजी स्कूल में अध्यापक था, जहां मृतका नाबालिग अध्ययनरत थी। नाबालिग दसवीं बोर्ड की परीक्षा देने के बाद अपने घर आई हुई थी। युवक सोमवार शाम को आया और रात को दोनों ने आत्महत्या का कदम उठा लिया। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### उपकरणों में खामी पर कनिष्ठ अभियंता को चार्ज शीट



**सवाई माधोपुर।** मलारना डूंगर क्षेत्र में स्थित पीएचसी भाड़ौती, 33/11 केवी सब स्टेशन भाड़ौती, उच्च प्राथमिक विद्यालय देवली, गौण मण्डी परिसर व उपखण्ड कार्यालय मलारना डूंगर का जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने मंगलवार को निरीक्षण किया। कलेक्टर ने राजकीय विद्यालय देवली में समसा द्वारा 12.25 लाख की राशि से निर्माणाधीन हॉल का निरीक्षण कर निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जीएसएस भाड़ौती कार्यालय में उपकरणों में खामिया पाई जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कनिष्ठ अभियंता अखिलेश शर्मा को चार्जशीट देने के निर्देश उपखण्ड अधिकारी को दिए हैं।

**बड़ोद गांव में अतिक्रमण हटाने पहुंचा प्रशासनिक अमला,** ग्रामीणों ने लगाया धमकी देने का आरोप

# घर टूटता देख महिला ने खाया जहर, प्रशासन के हाथ-पैर फूले

**बेधड़क** | सवाई माधोपुर

खंडार उपखंड क्षेत्र के बड़ोद गांव में सरकारी जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने पुलिस प्रशासन पहुंचा। अतिक्रमण हटाने की कवायद शुरू करने पर एक महिला ने आशियाना टूटने के गम में कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया।

इसके चलते महिला मौके पर ही अचेत हो गई। ऐसे में अतिक्रमण हटाने पहुंचे कार्मिकों के हाथ-पैर फूल गए और उन्होंने कार्रवाई को रोक कर महिला को आनन-फानन में पुलिस वाहन से खंडार अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया। वहां से चिकित्सक डॉ. रघुवीर मीणा के



नेतृत्व में चिकित्सा टीम ने सामान्य उपचार के बाद महिला की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। ग्रामीण काड़ू मीणा, कैलाश मीणा, गोरु मीणा, विलास, बत्तीलाल मीणा, कपूरचंद मीणा आदि ने बताया कि बड़ोद गांव के पास स्थित जमीन पर पीड़ित महिला रुकमणी देवी (45) पत्नी कपूर चंद मीणा निवासी बड़ोद करीब दस वर्ष से यहां पर ही रह रही थीं। इस जमीन पर महिला ने मकान बना रखा है और पांच बीघा से अधिक जमीन पर अमरूद का बगीचा लगा रखा है। उस जमीन से अतिक्रम हटाने मंगलवार को दोपहर बाद हसीलदार धर्मेंद्र तसेरा, थानाधिकारी गिर्राज प्रसाद वर्मा जाप्ता लेकर पहुंचे थे। इसके बाद प्रशासन ने जमीन से अतिक्रमण हटाने की जबरदस्ती की। महिला ने अपना आशियाना टूटते देख प्रशासन की मौजूदगी में कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया।

#### जेल भेजने की धमकी देने का आरोप

ग्रामीणों ने बताया कि बड़ोद गांव में अतिक्रमण हटाने पहुंचे पुलिस प्रशासन ने जमीन कब्जा शुदा किसान कपूरचंद मीना सहित पूरे परिवार के सदस्यों को जेल भेजने की धमकी दी थी। इस कारण से डरी हुई महिला रुकमणी देवी ने कीटनाशक दवा का सेवन कर अपने प्राण त्यागने का प्रयास किया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन द्वारा धमकियां देना गलत तरीका है। अतिक्रमण हटाना हो तो कानूनी कार्रवाई कर हटाना चाहिए। दूसरी और प्रशासन दस वर्ष से कहां पर बैठा हुआ था, पीड़ित किसान द्वारा जमीन पर मकान बनाकर बगीचा तक तैयार कर लिया गया तब प्रशासन जागा। इससे पहले प्रशासन कार्रवाई करने क्यों नहीं पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे लापरवाह अधिकारियों का तबादला होना चाहिए और इस प्रकरण में उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए। महिला को इतना डांटना नहीं था जिससे वह अपने प्राण त्यागने पर मजबूर होना पड़ जाए।

#### कई जगहों पर हो रहा है अतिक्रमण

ग्रामीणों ने बताया कि खंडार उपखंड मुख्यालय सहित पटवार हल्का रावरा, जयसिंहपुरा सहित अन्य जगहों पर बेशकीमती सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण हो रहा है, लेकिन माफिया की साठ-गांठ के चलते प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती। इसके अलावा उपखंड मुख्यालय के बालेर मार्ग पर वन भूमि खसरा नंबर 609 व सवाई माधोपुर मार्ग स्थित खसरा नंबर-45 पर भी माफिया धड़ल्ले अतिक्रमण कर रहे हैं, लेकिन इन पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जबकि प्रशासन द्वारा गरीब लोंगो को परेशान किया जाता है।

> बड़ोद गांव के पास सरकारी गैर मुमकिन तलाई पर अतिक्रमण की शिकायत मिली थी, जिसको हटाने जाप्ते के साथ गए थे। अतिक्रमी को तहसील की ओर से पूर्व में भी अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया था, लेकिन अतिक्रमी द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया। मंगलवार को जैसे ही अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू की तभी महिला ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया और ग्रामीणों द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं।
>
> **धर्मेंद्र तसेरा,** तहसीलदार, खंडार।

**सप्ताहभर की दौड़भाग के बाद वाहन मालिक** व सहयोगी को भी धरा

# एक्सप्रेस-वे पर छह मौतों का जिम्मेदार केंट्रा चालक गिरफ्तार

**बेधड़क** | सवाईमाधोपुर

हालही में विगत 5 मई को बौंली क्षेत्र से गुजर रहे एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण सड़क हादसे के बाद पुलिस आखिरकार आरोपी केंट्रा चालक को गिरफ्तार कर लिया। बौंली थाना पुलिस ने 6 जिंदगियों को मौत के आगोश तक पहुंचाने वाले आरोपी चालक, वाहन मलिक व सहयोगी को बौंली से गिरफ्तार किया।

एसपी ममता गुप्ता के निर्देशन पर एएसीपी दिनेश यादव, डिप्टी अंगद शर्मा के सुपरविजन में बौंली थाना अधिकारी अवतार सिंह ने कार्रवाई को अंजाम दिया। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर जगदीश ने बताया कि 5 मई को एक्सप्रेस-वे पर पिकअप की टक्कर से कार सवार 6 लोगों की मौत हुई थी और दो मासूम घायल हुए थे। इसे लेकर मृतक कैलाश चौधरी के भाई उम्मेद सिंह पुत्र हीरालाल जाट निवासी सीकर ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करवाया था। पुलिस की स्पेशल टीमें हफ्तेभर से आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही थीं। मुखबिर तंत्र व आसूचना तंत्र की सहायता से बौंली थाना पुलिस ने लापरवाह चालक राजेश पुत्र हनुमान मीणा निवासी बड़ागांव, पिकअप मलिक इंदरराज पुत्र गिरिराज माली निवासी डिडवाड़ी व सहयोगी वीर सिंह पुत्र गिरिराज माली को गिरफ्तार किया।





#### अवैध परिवहन में शामिल था वाहन

दरअसल केंट्रा पिकअप अवैध बजरी परिवहन के व्यवसाय में संलिप्त थी और एक्सप्रेस-वे पर बने हुए अस्थाई बजरी स्टॉक से बजरी भरने के लिए जा रही थी। चालक इतना बेपरवाह था कि उसने यह तक नहीं देखा कि पीछे कौन सा वाहन आ रहा है और अचानक एक्सप्रेस-वे पर ही एल टर्न ले लिया। इसके चलते पीछे से आ रही कार जिसमें पूरा परिवार गणेश जी के दर्शन के लिए जा रहा था भिड़ गई। केंट्रा चालक की इस लापरवाही ने पूरे परिवार को तबाह कर दिया। मौके पर ही छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई वहीं दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

#### हादसे में इनकी गई थी जान

घटना में झुंझुनू निवासी मनीष पुत्र रामावतार शर्मा, सतीश पुत्र रामावतार शर्मा, अनीता पत्नी मनीष, पूनम पत्नी सतीश व संतोष पत्नी गजानन्द शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनका दोस्त चालक कैलाश चौधरी पुत्र बलवीर चौधरी भी काल के ग्रास में समा गया। हादसे में मनीष शर्मा की 6 वर्षीय पुत्री दीपाली और 10 वर्षीय पुत्र मनन शर्मा घायल हो गए, जिनका अभी तक जयपुर में उपचार चल रहा है।

#### भीषण हादसे के बाद वाहन लेकर भागा चालक

चालक इतना अमानवीय था कि एक परिवार की जिंदगी तबाह करने के बावजूद व मौके पर नहीं रुका और पिकअप को बैक लेकर मौके से फरार हो गया। जानकार सूत्रों की माने तो पिकअप चालक यदि वाहन को बैक न लेकर घायलों को कार से निकलने में सहायता करता और समय पर अस्पताल पहुंचाता तो शायद घायलों को बचाया जा सकता था। थाना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

**छह में से पांच एसी पड़े हैं खराब**

# प्रशासन की लापरवाही से बंद होने के कगार पर एडवांस लैबोरेटरी

**बेधड़क** | सवाईमाधोपुर

जिला अस्पताल में भारत सरकार द्वारा लगाई गई एडवांस वायरल डायग्नोस्टिक्स रिसर्च आईडीएसपी डीपीएचएल लैबोरेटरी अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के चलते बंद होने के कगार पर है। लेब के तापमान को कंट्रोल करने के लिए लगे छह एसी में से पांच खराब पड़े हैं। एक एसी के भरोसे लेब संचालित हो रही है, जिससे लेब का तापमान धीरे-धीरे बढ़ रहा है।

यदि जल्द ही बंद एसी को दुरस्त नहीं कराया गया तो लेब बंद हो जाएगी और लोगों को इसके लाभ से वंचित होना पड़ेगा। शिकायत के बावजूद खराब एसी दुरस्त नहीं कराए जा रहे हैं। जिला मुख्यालय में केंद्र सरकार द्वारा एडवांस वायरल डायग्नोस्टिक्स रिसर्च आरटीपीसीआर कोविड-19 एवं आईडीएसपी डीपीएचएल लैबोरेटरी संचालित है। इसमें कोविड-19, मौसमी एवं जूनोटिक जैसी विभिन्न प्रकार की महावारी फैलाने वाली बीमारियों की जांच एवं सैंपल का रख-रखाव किया जाता है। जिला अस्पताल में आईडीएसपी डीपीएचएल अक्टूबर 2015 एवं एडवांस वायरल डायग्नोस्टिक्स रिसर्च आरटीपीसीआर कोविड-19 लैब साल 2020 में संचालित की गई थी। लेब में सवाई माधोपुर जिले एवं आसपास के जिलों के साथ ही मध्य प्रदेश से आने वाले मरीजों की आरटीपीसीआर, एलाइजा एवं कल्चर सैंपल की जांचें की जाती है। लेब में सैंपलों को माइनस बीस से माइनस अस्सी डिग्री तक के तापमान तक रखा जाता है। लेबोरेटरी के आईडीएसपी माइक्रोबायोलॉजिस्ट अंकुर त्यागी ने बताया कि राजकीय सामान्य चिकित्सालय में संचालित कोविड लेब में अलाइजर टेस्टिंग, कल्चर टेस्टिंग, कोविड टेस्टिंग होती है। यहां लगे एसी बंद होने के कारण गर्मी बढ़ रही हे। इससे मशीनों के रख-रखाव में दिक्कत आ रही है। इस बारे में पीएमओ को भी अवगत कराया गया। तीसरी बार कॉपर वायर चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

> एसी रिपेयर के दो साल के टेंडर है। संवेदक को अवगत करा दिया गया है। जल्द ही लेब के खराब एसी को दुरस्त करा दिया जाएगा।
>
> **अश्वनी सक्सैना,** पीएमओ सामान्य चिकित्सालय, सवाईमाधोपुर।

**जब्त गाड़ी को छोड़ने के लिए** मांगे थे 15 हजार रुपए

# रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार

**बेधड़क** | अलवर

खैरथल के कोटकासिम थाने में तैनात एएसआई रघुवीर मीणा को एसीबी टीम ने 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दुर्घटना में जब्त गाड़ी को जल्दी छोड़ने और नॉर्मल कार्रवाई करने के बदले रिश्वत मांगी थी।

अलवर एसीबी के डीएसपी परमेश्वर लाल ने बताया कि एसीबी मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर अलवर दितीय इकाई को परिवादी के द्वारा 8 मई को शिकायत दी कि कोटकासिम थाने के एएसआई रघुवीर मीणा के द्वारा दुर्घटना में जब्त पिकअप गाड़ी को



जल्दी छोड़ने और नॉर्मल कार्रवाई करने की एवज में रिश्वत मांग रहा है। इसके लिए वह बार-बार परेशान कर रहा है। शिकायत का सत्यापन होने पर मंगलवार दोपहर बाद एएसआई रघुवीर मीणा को परिवादी से 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी रघुवीर मीणा के द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान 2 हजार रुपए परिवादी से लिए थे।

#### ASI का विवादों से रहा है पुराना नाता

कोटकासिम थाने के एएसआई रघुवीर मीणा का विवादों से पुराना नाता रहा है। चाहे शराब पीकर ड्यूटी करने का हो या फिर दिल्ली-जयपुर हाईवे पर ओवरलोड वाहनों और पशु तस्करी करने वालों से अवैध वसूली करने का हो। ट्रैप की कार्रवाई से पहले आरोपी बहरोड़ नीमराना पुलिस थानों में तैनात रह चुका था। खैरथल जिला बनने के बाद पहले पुलिस लाइन और उसके बाद कोटकासिम थाने में कार्यरत रहा।

**रूई की आड़ में कर रहे थे नशे की तस्करी, दो जगह की कार्रवाई**

# 590 किलो डोडा-चूरा जब्त, पांच गिरफ्तार

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

सदर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार व पिकअप से 590 किलो डोडा चूरा बरामद किया है। साथ ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए डोडा चूरा की कीमत लाखों रुपए में बताई जा रही है।

थाना अधिकारी और प्रशिक्षु आईपीएस उषा यादव ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के निर्देश पर अफीम डोडा चूरा व अफीम पर कार्रवाई की जा रही है। यहां सदर थाना क्षेत्र से गुजरने वाले मांडलगढ़ भीलवाड़ा राजमार्ग पर कोटड़ी चौराहे के निकट नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान मांडलगढ़ की तरफ से एक सफेद बोलोरो पिकअप गाड़ी आती हुई दिखाई दी। उसे रुकवाकर उसकी तलाशी लेने पर गाड़ी में रूई के बोरे भरे दिखाई दिए।

इन बोरों के नीचे प्लास्टिक के 11 बोरों में 226 किलो अफीम डोडा चूरा बरामद किया। इसी क्षेत्र में रूपाहेली चौराहे के निकट एक कार में भी प्लास्टिक के 18 कट्टों में 364 किलो ग्राम अफीम डोडा चूरा बरामद किया। पुलिस ने पिकअप गाड़ी व कार से 590 किलो अफीम डोड़ा चूरा बरामद करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अफीम डोडा तस्कर यशवंत कुमार, गजराज, लाल राम, संजय शर्मा व भैरू गुर्जर को गिरफ्तार किया है।



#### बढ़ रहा तस्करों का नेटवर्क

गौरतलब है कि भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और मध्य प्रदेश में अफीम की अच्छी उपज होती है। भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ सहित मध्य प्रदेश में काफी मात्रा में अफीम की फसल की खेती होती है। इन जिलों में तस्करों का नेटवर्क बढ़ रहा है। वर्तमान में यहां अफीम की तुलाई हो चुकी है। ऐसे में तस्करी का काम बढ़ गया है। यहां से अफीम डोडा चूरा की तस्करी भीलवाड़ा के रास्ते मारवाड़ व अन्य राज्यों में की जाती है।

**गत वर्ष से 24 करोड़ रुपए की अधिक हुई बिक्री**

# वर्ष 2023-24 में 199.16 करोड़ की शराब डकार गए जिले के सुरा प्रेमी

**दिलीप कुमार पाटीदार** | बेधड़क

**सवाईमाधोपुर।** जिले में लगाकर शराब के शौकीन लोगों की संख्या में इजाफा हो रहा है। सामाजिक रूप से बुरी कही जाने वाली शराब पर लोग जमकर पैसे खर्च कर रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के सुरा प्रेमी 199.16 करोड़ की शराब पी गए हैं।

विभागीय आंकड़ों की मानें तो गत छह सालों में जहां देशी व अंग्रेजी शराब की बिक्री बढ़ी है, वहीं बीयर की बिक्री में कमी हुई है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 में सुरा प्रेमी 46 लाख 55 हजार 311.26 बल्क लीटर देशी मदिरा, 11 लाख 78 हजार 812.09 बल्क लीटर अंग्रेजी



शराब तथा 3 लाख 5 हजार 810.99 बल्क लीटर बीयर डकार गए। देशी मदिरा, विदेशी मदिरा तथा बीयर पर शराब शौकीनों ने 199.16 करोड़ रुपए खर्च कर दिए। यह राशि पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 के मुकाबले लगभग 24 करोड़ अधिक है। विभागीय आंकड़ों की मानें तो गत छह साल में देशी व अंग्रेजी शराब की खपत बढ़ी है, वहीं बीयर की खपत में गिरावट दर्ज की गई है।

वित्तीय वर्ष 2018-19 में 34 लाख 3 हजार 443 बल्क लीटर देशी, 10 लाख 77 हजार 710.81 बल्क लीटर अंग्रेजी तथा 28 लाख 99 हजार 785.14 बल्क लीटर बीयर की बिक्री हुई है।

वित्तीय वर्ष 2019-20 में 36 लाख 72 हजार 443.16 बल्क लीटर देशी, 10 लाख 92 हजार 523.47 बल्क लीटर अंग्रेजी, 28 लाख 30 हजार 144.30 बल्क लीटर बीयर की खपत हुई।

#### लक्ष्य से कम प्राप्त हुआ राजस्व

जिला आबकारी विभाग से प्राप्त आंकड़ों की मानें तो सरकार के वार्षिक लक्ष्य के अनुपात में शराब बिक्री से राजस्व कम प्राप्त हुआ है। वित्तीय वर्ष 2018-19 में 113.54 करोड़ रुपए का वार्षिक लक्ष्य था, इसके अनुपात में 100.58 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2019-20 में 120 करोड़ रुपए वार्षिक लक्ष्य, 116.53 करोड़ राजस्व मिला। वित्तीय वर्ष 2020-21 में 155 करोड़ रुपए वार्षिक लक्ष्य, 114.55 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 160 करोड़ रुपए वार्षिक लक्ष्य, 145.11 करोड़ राजस्व मिला, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 192 करोड़ का वार्षिक लक्ष्य, 175.17 करोड़ राजस्व मिला, वित्तीय वर्ष 2023-24 में 205 करोड़ का वार्षिक राजस्व मिला तथा जिले से देशी/अंग्रेजी/बीयर बिक्री से 199.16 करोड़ का राजस्व मिला।

> वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले देशी-अंग्रेजी शराब व बीयर बिक्री से सरकार को 199.16 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है।
>
> **अनिल कुमार यादव,** जिला आबकारी अधिकारी सवाईमाधोपुर।

#### वर्ष 2020 से अब तक इतनी खपत

वित्तीय वर्ष 2020-21 में 36 लाख 43 हजार 428.09 बल्क लीटर देशी, 7 लाख 97 हजार 552.44 बल्क लीटर अंग्रेजी, 17 लाख 40 हजार 212.37 बल्क लीटर बीयर, वित्तीय वर्ष 2021-22 में 39 लाख 2 हजार 407.59 बल्क लीटर देशी, 9 लाख 28 हजार 485.23 बल्क लीटर अंग्रेजी, 27 लाख 59 हजार 524.19 बल्क लीटर बीयर, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 46 लाख 16 हजार 440.35 बल्क लीटर देशी, 9 लाख 87 हजार 770.2 बल्क लीटर अंग्रेजी, 35 लाख 89 हजार 688.49 बल्क लीटर बीयर तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 46 लाख 55 हजार 311.26 बल्क लीटर देशी, 11 लाख 78 हजार 812.09 अंग्रेजी तथा 3 लाख 5 हजार 810.99 लीटर बीयर की खपत हुई। उक्त आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि जिले में देशी शराब पीने वाले अधिक है। अंग्रेजी शराब की अपेक्षा 34 लाख 76 हजार 499.17 बल्क लीटर देशी शराब की खपत अधिक हुई। अंग्रेजी शराब की खपत बढ़ी, लेकिन देशी शराब से काफी कम है।

### CUET UG: जूते, सैंडल से लेकर बाली पहनकर आने पर एग्जाम में रहेगी नो एंट्री

# सीयूईटी यूजी एग्जाम आज से, हाइब्रिड मोड में होगी आयोजित

## 13 लाख से ज्यादा आए हैं आवेदन

**बेधड़क** | जयपुर

देश की सबसे बड़ी परीक्षाओं में शामिल सीयूईटी यूजी परीक्षा बुधवार से शुरू हो जाएगी। इस साल सीयूईटी यूजी परीक्षा हाइब्रिड मोड में आयोजित की जाएगी। एग्जाम के एडमिट कार्ड इसी वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके बिना सीयूईटी यूजी परीक्षा केंद्र में एंट्री नहीं दी जाए। इसके लिए 13 लाख 47 हजार छात्रों ने आवेदन किया है। एनटीए ने 18 मई तक की परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। साथ ही जारी अपनी गाइडलाइन में परीक्षार्थियों को कैसे कपड़े, जूते/सैंडल, ज्वेलरी पहनकर आना है के बारे में जानकारी दी है।

### दिल्ली में नहीं होगा सीयूईटी यूजी, टल गई परीक्षा

एनटीए ने 15 मई को दिल्ली में होने वाली सीयूईटी यूजी परीक्षा स्थगित करते हुए अब 29 मई को कराने का फैसला लिया है। वहीं शेष शहरों में परीक्षा अपने निर्धारित शेड्यूल के अनुसार होने की नोटिस से जानकारी दी है। एनटीए ने अपने नोटिफिकेशन में कहा है कि 15 मई को दिल्ली में होने वाले केमिस्ट्री, बायोलॉजी, इंग्लिश और जनरल टेस्ट का आयोजन टाल दिया गया है।



### यह सामान नहीं ले जा सकेंगे

सीयूईटी परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की पाठ्य सामग्री, कागज के टुकड़े, ज्योमेट्री/पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर, ब्लूटूथ, मोबाइल फोन, ईयर फोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड जैसी कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नहीं लेकर जाना है। इसके अलावा खाने का खुला सामान या पैकेट भी नहीं लेकर जाना है।

### सीयूईटी यूजी परीक्षा में यही पहनकर आ सकेंगे

- सीयूईटी यूजी परीक्षा में हल्के कपड़े पहनें। जिसकी आस्तीन छोटी हो।
- चप्पल या कम हील वाली सैंडल पहनें। जूते और हाई हील पहनकर परीक्षा देने की अनुमति नहीं है।
- वॉलेट, पर्स, गॉगल्स, हैंडबैग, बेल्ट, टोपी आदि न तो साथ लेकर जा सकते हैं और न तो परीक्षा केंद्र में पहनकर।
- किसी भी तरह की ज्वेलरी या मेटल से बनी चीजें नहीं पहननी हैं।
- जो कपड़ा पहनें उसमें मेटल के बटन भी नहीं होने चाहिए।
- परीक्षा में ब्रेसलेट, घड़ी आदि भी पहनने पर प्रतिबंध है।
- अगर मेडिकल कारण से ड्रेस कोड फॉलो करने में दिक्कत है तो इसके लिए एडमिट कार्ड जारी होने से पहले एनटीए से अनुमति लेनी होगी।

## Yuva स्टोरीज

### JLO रिजल्ट जारी, NON-TSP के 133 अभ्यर्थी सफल




**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से कनिष्ठ विधि अधिकारी (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 के साक्षात्कार का परिणाम जारी कर दिया गया है।

टीएसपी क्षेत्र के 5 और नॉन टीएसपी क्षेत्र के 133 अभ्यर्थी मुख्य सूची में सफल घोषित किए गए हैं। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि इन पदों की लिखित परीक्षा का आयोजन 4 एवं 5 नवंबर 2023 को किया गया था। इसके तहत जारी परीक्षा परिणाम में अस्थाई रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन 5 चरणों में 27 फरवरी से 9 मई तक किया गया था।

साक्षात्कार उपरांत संबंधित सेवा नियमानुसार टीएसपी एवं नॉन टीएसपी क्षेत्र के लिए विज्ञापित पदों के विरूद्ध अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

### एआईएसएसई 2024 में द पैलेस स्कूल का दबदबा

**बेधड़क** | जयपुर

द पैलेस स्कूल को अखिल भारतीय माध्यमिक विद्यालय परीक्षा (एआईएसएसई) 2024 में अपने दसवीं कक्षा के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है। बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले 80 छात्रों में से, प्रभावशाली 22 ने 90% और उससे अधिक अंक हासिल किए। यह छात्रों और शिक्षकों दोनों के समान समर्पण और कड़ी मेहनत को दर्शाता है। दसवीं कक्षा की परी जांगिड़ 98% के साथ स्कूल टॉपर हैं। धैर्य मख़ीजा, श्रेया अग्रवाल और तनिष्का जैन ने 97.20% के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। कोविद सिंघल और मोहम्मद सलमान हुसैन ने 96.80% अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। सफलता के इस प्रदर्शन में कई छात्रों ने विशिष्ट विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मोहम्मद सलमान हुसैन, धैर्य मख़ीजा, श्रेया अग्रवाल और तन्मय सिंह शेखावत ने आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस में 100% अंक प्राप्त किये। तनिष्का जैन ने आईएफएम में 100% के उत्तम स्कोर के साथ उत्कृष्टता प्रदर्शित की। इसके अतिरिक्त, परी जांगिड़ ने संस्कृत और सामाजिक विज्ञान में 100% अंक प्राप्त किए।

### SRN स्कूल में स्टूडेंट्स को किया पर्यावरण पर जागरूक



**बेधड़क** | जयपुर

वन विभाग की ओर से एसआरएन इन्टरनेशनल स्कूल में इन्टरनेशनल बायोडायवर्सिटी डे" पर शिक्षक, छात्र तथा आस पास की सोसायटीयों में रहने वाले लोगों के बीच वन संरक्षण और पर्यावरण को लेकर जागरुकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में वन विभाग की टीम में शमिल आर एन मीना (चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट) अरविन्द कुमार झा (डीएफओ राजस्थान स्टेट बायोडायवर्सिटी बोर्ड) ने विद्यालय में पर्यावरण वन संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण व बचे हुए भोजन के सदुपयोग को लेकर अनेक प्रकार के अनुभव गतिविधियां द्वारा शेयर किए गए। साथ ही भविष्य के लिए जल संरक्षण के महत्व बताया । वन्यटीम द्वारा विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण के लिए पोस्टर व श्लोगन लगाए। विद्यालय चेयरमेन रवि शंकर (आईएफएस रिटायर्ड) ने सभी बच्चों से पर्यावरण सुरक्षा के लिए दो-दो पेड़ लगाने की अपील की। कार्यक्रम के अन्त में स्कूल डायरेक्टर उषा शर्मा ने इस दिवस संबोधन में अपने विचार व्यक्त किये गए।

### कुलपति समन्वय समिति की बैठक में बोले राज्यपाल

# नई शिक्षा नीति सभी विश्वविद्यालयों में हो लागू




**बेधड़क** | जयपुर

राजभवन में कुलपति समन्वय समिति की बैठका का आयोजन हुआ। राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में रोजगारोन्मुखी कौशल विकास समावेशी कार्यक्रम लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थानीय उद्योगों एवं विश्वविद्यालय सहभागिता से रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने विश्वविद्यालयों में शोध एवं अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार करने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सभी विश्वविद्यालयों में पूरी तरह से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सभी विश्वविद्यालयों में पूरी तरह से लागू किया जाए।

मिश्र मंगलवार को राजभवन में कुलपति समन्वय समिति की बैठक में संबोधित कर रहे थे। बैठक में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, मुख्य सचिव सुधांश पंत, चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह, सामाजिक न्याय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों ने भाग लिया।

### 30 मई तक में लागू हो बायोमेट्रिक

राज्यपाल ने बैठक में कहा कि विश्वविद्यालयों में बायोमेट्रिक/मोबाइल एप आधारित उपस्थिति की व्यवस्था 30 मई तक सभी विश्वविद्यालयों में तत्परता से लागू की जाएगी। चरणबद्ध रूप से यह व्यवस्था विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और संबद्ध कॉलेजों में भी लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि नवगठित विश्वविद्यालयों में संपत्तियों, दायित्वों, भूमि, पेंशन तथा अन्य मुद्दों के लिए कमेटी का गठन कर कार्य किया जाएगा। इसमें संबंधित जिला कलेक्टर भी सम्मिलित होंगे ताकि नए विश्वविद्यालयों से जुड़े मुद्दों का प्रभावी समाधान समय पर हो सके। उन्होंने कहा कि सामाजिक सहभागिता महत्वपूर्ण है। अब प्रत्येक विश्वविद्यालय पांच-पांच ग्राम गोद लेकर उनके विकास के लिए कार्य करेंगे।

### शैक्षणिक और अशैक्षणिक रिक्त पदों की ली जानकारी

कलराज मिश्र ने विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक और अशैक्षणिक रिक्त पदों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने रिक्त पदों को भरे जाने के लिए भी चरणबद्ध प्रभावी कार्यवाही किए जाने पर जोर दिया। बैठक में विश्वविद्यालय अधिनियमों के प्रावधानों के अनुसार कुलसचिव और वित्त नियंत्रक के पदों पर विज्ञापन के माध्यम से आवेदन प्राप्त कर उन्हें भरे जाने, इन पदों पर लगने वाले प्रशासनिक अधिकारियों के आकर्षण के लिए अतिरिक्त भत्ते के प्रावधान, प्रोत्साहन आदि पर भी चर्चा की गई।

### विश्वविद्यालयों में आईएमएस लागू करने के निर्देश

उन्होंने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालय शिक्षा के जरिए स्थानीय संसाधनों को वैश्विक उत्पादन के रूप में और देश के उपलब्ध मानव संसाधन को राष्ट्र के विकास में लगाने की दिशा में कार्य करे। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों की ओर से गोद लिए गांवों में श्रमदान, लाइफ स्किल प्रशिक्षण प्रारंभ किए जाने, पाठ्यक्रम अद्यतन करने और रेडक्रॉस के साथ समन्वय कर समाजोपयोगी गतिविधियां का अधिकाधिक क्रियान्वयन किए जाने का भी आह्वान किया। उन्होंने विश्वविद्यालयों में एकीकृत प्रबंध व्यवस्था आवश्यक रूप से लागू किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन विश्वविद्यालयों की नेक एक्रीडेशन नहीं हुई हैं, वे इसे प्राप्त करने के लिए जल्द से जल्द कार्यवाही करे।

### विवि में 30 जून तक लगे सौर ऊर्चा उपकरण

बैठक में जिन विश्वविद्यालयों में सौर ऊर्जा उपकरण नहीं लगे हैं, वहां 30 जून तक कार्यवाही किए जाने के भी राज्यपाल ने निर्देश दिए। विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने अपने अपने विश्वविद्यालयों में किए गए नवाचारों, नई शिक्षा नीति को लागू किए जाने संबंधित प्रयासों, गांव गोद लेकर किए जा रहे कार्यों, शैक्षिक गुणवत्ता के लिए किए जा रहे कार्यों के साथ प्रदेश में विश्वविद्यालयों के तेजी से विकास की आवश्यकताओं के बारे में सुझाव दिए। बैठक में राज्य सलाहकार मंडल के सदस्य और पूर्व कुलपति, शिक्षाविद प्रो. ए. के. गहलोत ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नवीन निर्देशों के आलोक में रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम और विद्यार्थियों के कौशल विकास से जुड़े विषयों के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल ने कुलपति समन्वय समिति के अंतर्गत प्रस्तावित विषयों के साथ विश्वविद्यालयों द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। बैठक में राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल सहित अन्य प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया।

### केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान में दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला

# विभागीय कार्यों में हिंदी का ज्यादा से ज्यादा हो प्रयोग




**बेधड़क** | जयपुर

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, जयपुर में दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला का शुभारंभ हुआ । आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के अन्तर्गत विभिन्न संस्थान एवं इकाईयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला में भाग लिया।

कार्यशाला का शुभारंभ केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक ने किया । इसके अतिरिक्त उन्होने "राजभाषा सहायिका" पुस्तक का भी विमोचन किया। कार्यशाला का आयोजन डॉ. निधि महाजन प्रभारी अधिकारी केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, जयपुर की देखरेख में किया गया। उन्होंने इस कार्यशाला में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं अपनी संस्थान की गतिविधियों से सभी को परिचित कराया। इस अवसर पर सहायक निदेशक (प्रशासन) सुधीर कुमार ने अपने प्रेरणादायी विचारों से सभी श्रोताओं को लाभांवित किया व विभागीय कार्य अधिक से अधिक हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला का समन्वयन मीनाक्षी भाटिया, हिंदी संपर्क अधिकारी, परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली के मार्गदर्शन में हुआ।

उन्होने सभी नवनियुक्त अनुसंधान अधिकारियों को कार्यालयीन कार्यों में हिंदी की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया।

### सुजानगढ़ के नमन को 97 प्रतिशत अंक



**जयपुर।** सीबीएसई 12 के रिजल्ट में सुजानगढ़ के नमन सरावगी ने 97 प्रतिशत अंक के साथ सफलता प्राप्त की है। श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा, राजस्थान प्रांत के अध्यक्ष कमलबाबू जैन ने बताया कि महासभा के स्तंभ एवं प्रमुख समाजसेवी कंवरीलाल काला के सुपौत्र एवं नवीन कुमार सरावगी के सुपुत्र ने यह उपलब्धि हासिल की है। सुजानगढ़ समाज के अध्यक्ष सुनील जैन सडूवाला, मंत्री पारसमल बगड़ा, बसंत कुमार पाटनी, खेमचंद बगड़ा, पूर्व पार्षद उषा देवी बगड़ा, महावीर प्रसाद पाटनी ने भी शुभकामनाएं प्रदान की है ।

### रिदम का CBSE रिजल्ट में बेहतर प्रदर्शन



**जयपुर।** सीबीएसई 12 वीं रिजल्ट में वर्धमान इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा रिदम बसवाल पुत्री धर्मेंद्र कुमार बसवाल ने अच्छा प्रदर्शन किया है। बसवाल ने इंग्लिश में 98, मैथ्स में 94,फिजिक्स-केमेस्ट्री में 95-95, कंप्यूटर में 90 अंक हासिल किए हैं।

### नर्सेज दिवस | एसएन इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज, निर्वाण युनिवर्सिटी में कार्यक्रम

# नर्सिंग पेशेवरों में दिखा समर्पण और सौहार्द का भाव

## फ्रेशर पार्टी और रैंप वॉक कार्यक्रम भी हुए

**बेधड़क** | जयपुर

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2024 के अवसर पर एसएन इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज, निर्वाण युनिवर्सिटी जयपुर में समारोह आयोजित किया गया। इसके साथ ही फ्रेशर पार्टी कार्यक्रम भी हुआ। प्रो. रेनू नागर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में परंपरा और उत्सव का मिश्रण दिखाया गया। दीप प्रज्ज्वलन समारोह में निर्वाण युनिवर्सिटी के चेयरमेन डॉ. एस.एल. सिहाग के साथ सीईओ एंड वाइस चेयरमेन डॉ. आर.के. अरोड़ा, डॉ. संजय खन्ना, और डॉ. प्रशांत बेनीवाल सहित विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। डॉ. अरोड़ा ने नर्सिंग उत्कृष्टता और देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए प्रतिज्ञा समारोह को संबोधित किया। इस दौरान स्टूडेंट गतिविधियों से कार्यक्रम आनंदमय हो गया। इसमें छात्रों ने रैंप वॉक और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।




फ्रेशर पार्टी द्वारा नए छात्रों और संकाय सदस्यों को एक साथ लाया गया, जिससे संस्थान के भीतर सौहार्द और समुदाय की भावना को बढ़ावा मिला। एस.एन. इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज का अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस का उत्सव न केवल इस महान पेशे के लिए एक श्रद्धांजलि थी, बल्कि इसके छात्रों और संकाय सदस्यों की भावना और समर्पण का एक प्रमाण भी था। यह आयोजन भविष्य के नर्सिंग पेशेवरों के पोषण के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



# इंदौर में चला कांग्रेस का नोटा अभियान



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

**नोटा का मतलब है नन ऑफ द अबव यानी उपरोक्त उम्मीदवारों में से कोई नहीं। साल 2013 में सर्वोच्च न्यायालय ने ईवीएम में नोटा का विकल्प देने का आदेश दिया था। इसके मुताबिक यदि मतदाता को चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में से कोई पसंद नहीं है तो वह ईवीएम का बटन दबा सकता है। लेकिन न्यायालय के इस फैसले में इस तथ्य का कोई रेखांकन नहीं है कि नोटा को यदि सर्वाधिक मत मिलते हैं तो वास्तविक चुनाव परिणाम पर इसका क्या असर पड़ेगा ?**

हालांकि मध्यप्रदेश में पिछले तीन चरणों की तुलना में मतदान अच्छा हुआ है, लेकिन प्रदेश के सबसे बड़े और व्यावसायिक महानगर इंदौर में मतदान का प्रतिशत कम रहा। यहां 60.53 प्रतिशत वोट पड़ा है। जो 2019 की तुलना में 8.78 प्रतिशत कम हैं, 2019 में यहां 69.31 प्रतिशत वोट डाला था।आदिवासी बहुल लोकसभा सीट खरगोन में सबसे ज्यादा 75.79 मत पड़े। इसी तरह आदिवासी बहुल रतलाम में 72.86 और धार में 71.50 प्रतिशत मत पड़े। यह प्रदेश में हुए आठ लोकसभा सीटों पर मतदान में सबसे ज्यादा मत प्रतिशत है, जबकि शहरी मतदाताओं ने ग्रामीणों की तुलना में कम मतदान किया। बहुचर्चित रही सीट इंदौर में कम मतदान इसलिए हुआ, क्योंकि वहां से कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम अंतिम समय में अपना नामांकन पत्र वापस लेकर भाजपा में शामिल हो गए थे। इसलिए यहां अनुमान लगाया जा रहा है कि मतदाताओं ने नोटा पर भी खूब वोट डाले हैं। चुनाव प्रचार के दौरान नोटा विवाद भी खूब छाया रहा था। एकतरफा चुनाव हो जाने के कारण भाजपा ने जहां अपने पक्ष में मतदान के लिए प्रचार किया, वहीं कांग्रेस ने मुकाबले में कोई प्रत्याशी नहीं रह जाने के कारण नोटा के पक्ष में मतदान करने का अभियान अंतिम चरण तक जारी रखा। यही नहीं कांग्रेस नेता केके मिश्रा ने मतदान के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली कि उन्होंने नोटा को मत दिया है।

इस बार इंदौर में जगह-जगह कुछ अलग ही नजारा देखने में आ रहा था। कांग्रेस ने नगर की प्रत्येक बस्ती में टेबल लगाकर नोटा को वोट देने का खूब प्रचार किया। पालदा इलाके में एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ, जिसमें मतदाता नोटा को बटन दबाता दिख रहा है। कांग्रेसियों ने 25 लाख मतदाताओं वाली इंदौर सीट पर नोटा को ही कांग्रेस का प्रत्याशी मानने की मुहिम चला रखी थी। अक्षय कांति बम द्वारा आखिरी दिन नाम वापसी के बाद कांग्रेस ने अपना प्रचार अभियान 'वोट फॉर नोटा' कर दिया था। यही नहीं कांग्रेस ने नोटा के पक्ष में मतदान करने की एक रैली भी आहूत की थी। इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दो लाख से अधिक बैनर-पोस्टर इंदौर के चप्पे-चप्पे में चस्पा कर दिए गए थे। पूर्व लोकसभा सदस्य और इंदौर से आठ बार भाजपा की सांसद रहीं सुमित्रा महाजन खुला बयान दे चुकी हैं कि उन्हें कई भाजपाई और बुद्धिजीवियों ने फोन पर कहा है कि इस तरह से इंदौर में चुनाव के ठीक पहले हुए प्रत्याशी अक्षय कांति के दल-बदल से वे खुश नहीं हैं, अतएव नोटा को वोट देंगे। इसी दौरान संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान का भी एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वे नोटा के बजाय, जो उत्तम उम्मीदवार हैं, उसे चुनने की सलाह दे रहे है। यानी उन तक यह संदेश पहुंचा कि इस दल-बदल से इंदौर की जनता खुश नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा पर तल्ख टिप्पणी करते हुए विश्वास जताया कि 'देश के सबसे स्वच्छ शहर में भाजपा की प्रदूषित राजनीति का जवाब इंदौर की जनता नोटा पर बटन दबाकर देगी। इंदौर हमेशा रिकॉर्ड बनाता है, अतएव इस बार भी इंदौर की जनता राजनीतिक सुचिता के लिए नोटा को वोट देकर देशभर में नोटा को मिले सर्वाधिक मतों का रिकॉर्ड बनाएगी।' पटवारी की इस टिप्पणी का उत्तर देते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा था कि 'जनता अपना अमूल्य मत खराब नहीं करेगी। उनका खुद का सिक्का खोटा निकला है, कांग्रेस पार्टी खजुराहो और इंदौर समेत कई सीटों पर अपना प्रत्याशी तक खड़ा नहीं कर पाई, वह अब नोटा का बटन दबाने की बात कह रही है। इसे कौन सुनेगा ?

इंदौर लोकसभा सीट पर दोनों प्रमुख दलों ने ही पोस्टर वॉर युद्ध स्तर पर लड़ा था। कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति के चुनाव मैदान से हटने और भाजपा के साथ जाने के बाद कांग्रेस ने नोटा के समर्थन में ऑटो रिक्शाओं के पीछे पोस्टर चिपकाए। चूंकि रिक्शे सवारियों के साथ पूरे महानगर में चक्कर काटते हैं, इसलिए नोटा का प्रचार भी खूब हो गया। भाजपा को जब इस प्रचार की महिमा और असर का आभास हुआ तो वह इस पोस्टर चिपकाने के विरोध में उतर आई। भाजपा ने तय किया कि रिक्शों से पोस्टर हटाने के साथ नोटा का विरोध करने और कमल के फूल को वोट देने की मांग करने वाले पोस्टर चिपकाए जाएं। इस हेतु रणनीति बनाते हुए नगर के 8000 ऑटो-रिक्शों से पोस्टर हटाने और नए पोस्टर चिपकाने का सिलसिला युद्ध स्तर पर शुरू हो गया। इस अभियान की जिम्मेदारी भाजपा के ऐसे जमीनी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जो पोस्टर हटाने के साथ पोस्टर चिपकाने का भी काम करे। देखते ही देखते कई पोस्टर हटा दिए गए, लेकिन सभी रिक्शों से पोस्टर हटाना संभव नहीं हुआ। क्योंकि अनेक रिक्शा चालक नोटा के पक्ष में पैरवी करते नजर आए। मतदान के दिन एक शिकायत ऐसी भी जिला निर्वाचन अधिकारी को मिली, जिसमें विधानसभा-4 के मतदान केंद्र क्रमांक 43 की पीठासीन अधिकारी शबनम खान द्वारा नोटा के पक्ष में लोगों को मतदान करने के लिए कहा गया। हालांकि जांच के बाद यह खबर फर्जी पाई गई, यह शिकायत भाजपा के पोलिंग एजेंट सुंदर यादव के नाम से की गई थी। किंतु शिकायतकर्ता ने आवेदन पर किए हस्ताक्षर नकली बताएं और कहा कि मैंने कोई इस तरह की शिकायत नहीं की है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## पुराने पदार्थों को रिसाइकिल कर दोबारा उपयोग करना

# चार आर दिलाएंगे कचरे से निजात



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

> *"कचरे का कम से कम उत्पादन ही कचरे से मुक्ति दिलाने में मदद कर सकता है। इसके लिए विशेषज्ञ चार R का सिद्धांत अपनाने की बात करते हैं। रिफ्यूज, रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल यानी पुराने पदार्थों को रिसाइकिल कर दोबारा उपयोग करना है। इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर हम कचरे की समस्या से काफी हद तक निजात पा सकते हैं।"*

भारत दुनिया में कचरा पैदा करने वाला सबसे बड़ा देश है, जहां हर साल करीब 30 करोड़ टन से भी ज्यादा सॉलिड वेस्ट पैदा हो रहा है, लेकिन हम इसका 60 फीसदी ही निस्तारित कर पाते हैं। बाकी यह इधर-उधर ही पड़े रहकर पर्यावरण को प्रभावित कर रहा है। यह कचरा जल, वायु और भूतल प्रदूषण का कारण बन रहा है। देश में 75 फीसदी से ज्यादा कचरा खुले में डंप किया जाता है। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट बताती है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सबसे ज्यादा कचरा उत्पन्न होता है। इस मामले में दिल्ली ने मुंबई, बेंगलूरु और हैदराबाद जैसे शहरों को काफी पीछे छोड़ दिया है। इन शहरों में भी इलेक्ट्रॉनिक, प्लास्टिक जैसे कचरे को अलग-अलग करने और सही ढंग से रीसाइक्लिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इन शहरों में लैंडफिल साइट भर चुकी हैं। प्लास्टिक या कचरे को कई जगहों पर जलाया जाता है। किसी भी जगह नई लैंडफिल साइट का लोग विरोध करते हैं, क्योंकि इससे कई प्रकार का प्रदूषण होता है।

इस समय दुनिया में प्रतिवर्ष 201 करोड़ टन से ज्यादा ठोस कचरा पैदा हो रहा है। इसका एक तिहाई बेहद खतरनाक तरीके से वातावरण में फेंका जा रहा है, जो आने वाले समय में वातावरण के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। अनुमान है कि वर्ष 2050 तक ठोस कचरे का कुल उत्पादन बढ़कर 340 करोड़ टन तक पहुंच सकता है, जो दुनिया के लिए बड़ी समस्या बनकर उभर सकता है। हालांकि पर्यावरण विशेषज्ञों की राय है कि अगर इस ठोस कचरे के सही तरीके से निस्तारण की व्यवस्था की जाए तो यही कचरा एक नए विकसित उद्योग की जगह ले सकता है और यह रोजगार उपलब्ध कराने का एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है। उनका कहना है कि प्रति व्यक्ति ठोस कचरे का उत्पादन सबसे ज्यादा आर्थिक स्तर पर निर्भर करता है। गरीब वर्ग के लोग कम कचरा पैदा करते हैं, जबकि विकसित अर्थव्यवस्था में लोग प्रति व्यक्ति ज्यादा कचरा पैदा करते हैं। यह मात्रा 0.74 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से लेकर 4.54 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन तक अलग-अलग है।



साल 2009 में भारत के शहर प्रतिदिन 80,000 मीट्रिक टन कचरे का उत्पादन कर रहे थे। अनुमान है कि साल 2047 तक भारत एक वर्ष में 26 करोड़ टन कचरे का उत्पादन करेगा, जिसका निपटान करने के लिए करीब 1,400 वर्ग मीटर के भराव क्षेत्र यानी कि लैंडफिल की आवश्यकता होगी। यह क्षेत्र हैदराबाद, मुंबई और चेन्नई को मिलाकर बने क्षेत्र के बराबर होगा। एक तथ्य यह भी है कि नियमों के बावजूद भी भारत में भराव क्षेत्रों को बढ़ावा दिया गया है। वर्तमान में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नगर निगमों द्वारा निजी ठेकेदारों को जो ठेके दिए जाते हैं, उनमें ठेका लेने वालों को ज्यादा से ज्यादा कचरा लाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ठेके में शुल्क का भुगतान कचरा ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही के अनुसार मिलता है। जितना ज्यादा कचरा लाएंगे, उतना ज्यादा शुल्क मिलेगा। भूमि की लागत और इसकी उपलब्धता पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता।

कई देशों में कचरे के निपटान के लिए पूर्व व्यवस्था को बदला गया है। कचरे से संबंधित शुल्क का भुगतान इसे इकट्ठा करने या लाने-ले जाने के लिए नहीं किया जाता, बल्कि कचरे के निपटान के लिए किया जाता है। स्वीडन और अमेरिका में भराव क्षेत्र में कचरा फेंकने के लिए भारी प्रवेश शुल्क वसूल किया जाता है। स्वीडन में भराव क्षेत्र कर भी लगाया जाता है। भारी-भरकम प्रवेश शुल्क नगर निगमों को भराव क्षेत्र में कचरा फेंकने से रोकता है। वर्ष 2013 में स्वीडन में कचरा फेंकने के लिए औसतन 212 डॉलर प्रति टन वसूले जाते थे, जबकि इसकी तुलना में अमेरिका में 150 डॉलर प्रति टन वसूले जाते थे। गौरतलब है कि भारत में शहरों को स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग साफ-सफाई के आधार पर दी जाती है। रैंकिंग में कई सालों से इंदौर देश का सबसे साफ शहर बना हुआ है।

विशेषज्ञों का कहना है कि ठोस कचरे यानी ठोस अपशिष्ट को ठीक से प्रबंधित या निपटाने में विफलता होने से प्रदूषण हो सकता है। ठोस अपशिष्ट को भद्दा माना जाता है और इसे सड़क के किनारे फेंकने से अप्रिय गंध आने लगती है। ठोस अपशिष्ट के अनुचित निपटान से कई समस्याएं हो सकती हैं, जैसे पर्यावरण प्रदूषण, वेक्टर-जनित बीमारियों का प्रकोप, हानिकारक ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन, भूजल का प्रदूषण, परिवहन के दौरान ध्वनि और सूक्ष्म धूल। बढ़ती आबादी, शहरीकरण और बढ़ती प्रौद्योगिकी ठोस अपशिष्ट प्रदूषण के कुछ कारण हैं। ठोस अपशिष्ट से जुड़ी इन समस्याओं से निपटने के लिए ठोस अपशिष्ट का पुनर्चक्रण सबसे अच्छा तरीका है। पुनर्चक्रण का मतलब है कि कचरे को नए या उपयोगी उत्पाद में बदलना। वहीं कचरे को सूखे और गीले कचरे के रूप में अलग करना, घर-घर जाकर कूड़ा इकट्ठा करना और छंटाई के बाद इसे प्रोसेसिंग के लिए भेजना ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रमुख घटक हैं।

कचरे पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार ने साल 2016 में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली लागू की थी। इसमें स्वीकार किया गया है कि भराव क्षेत्र का इस्तेमाल केवल ऐसे कचरे के लिए किया जाएगा, जिसका दोबारा उपयोग न किया जा सके, नवीनीकरण न किया जा सके, जैविक रूप से नष्ट होने योग्य न हो, ज्वलनशील न हो तथा रासायनिक प्रतिक्रिया न करता हो। नियमावली में यह भी कहा गया है कि भराव क्षेत्र से कचरा समाप्त करने के उद्देश्य को हासिल करने के लिए कचरे में पुनः उपयोग या उसे नवीनीकृत करने के प्रयास किए जाएंगे। यह भराव क्षेत्र की आवश्यकता पर जोर देने की पुरानी नीति को हटाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भराव क्षेत्र के इस्तेमाल को न्यूनतम करने के लिए भराव क्षेत्र कर लगाएं, अपशिष्ट कचरे के निपटान के लिए साफ-सुथरे भराव क्षेत्र बनाएं जाएं, ताकि प्रदूषण कम हो। नवनिर्मित अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली का लक्ष्य कचरा मुक्त भराव क्षेत्र सुनिश्चित करना होना चाहिए।

असल में कचरे का निपटान पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। जनसंख्या बढ़ने से अपशिष्ट की मात्रा लगातार बढ़ी है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन चर्चा में इसलिए भी है, क्योंकि लगभग सभी देश बढ़ते कचरे के कुशलतापूर्वक निपटान की चुनौती का सामना कर रहे हैं। असल में ठोस अपशिष्ट के निपटान की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। सरकार की ओर से संचालित कुशल ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली का मुख्य उद्देश्य कूड़े-करकट से अधिकतम मात्रा में उपयोगी संसाधन प्राप्त करना और ऊर्जा का उत्पादन करना है, ताकि कम-से-कम मात्रा में अपशिष्ट पदार्थों को लैंडफिल क्षेत्र में फेंकना पड़े। इसका कारण यह है कि लैंडफिल में फेंके जाने वाले कूड़े का भारी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। एक तो इसके लिए काफी जमीन की आवश्यकता होती है, जो लगातार कम होती जा रही है और दूसरा कूड़ा वायु, मिट्टी और जल-प्रदूषण का संभावित कारण भी है। ठोस अपशिष्ट को फेंकने से जमीन खराब होती है, वहीं उसे जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है। साथ ही लोगों को कई बीमारियां अपनी चपेट में ले लेती हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# चुनावी मीठी कड़वी बातें



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

पिछले पन्द्रह दिनों बाद पत्रकार मित्र गुड़की सुबह पार्क में मॉर्निंगवाक में मिला। मुझे देख वह मेरे पास आया और बातें करने लगा। मैंने कहा 'आओ! दूर सामने वाली बेंच खाली पड़ी है, वहीं बैठकर आज की चुनावी हलचल पर तसल्ली से बातचीत करते हैं। '

गुड़की बोला 'पिछले दो सप्ताह में कई जगह जाना हुआ। कई नेताओं से बातचीत करने का अवसर मिला । आजकल चुनावी वातावरण गर्म तवे सा तप रहा है। कोई भी शीतलता नहीं बरतता । सब एक दूसरे को अपने कड़वे वचनों से पीछे धकेल जनता के सामने सच्चे ईमानदार बन अपनी बात रख रहे हैं।' 'पर गुड़की नेता अपनी अपनी पार्टी की जीत का दावा कर रहे हैं और चुनावी जीत के बढ़-चढ़कर आंकड़े बता रहा है।'

'देखिए! कोई भी नेता अपनी कमजोरी क्यों बतायेगा? वह जनता के बीच व मीडिया में अपनी जीत होती बतायेगा ।कोई इस बार चार सौ पार की बात कह रहा है तो कोई दूसरी प्रमुख पार्टी को एक सौ पचास तक सिमट जाने की बात कह रहा हैं। कोई कहता पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखीं हैं, उसके पास भी परमाणु बम है। तो कोई पलटकर जनता का मनोबल बढ़ाते हुए कहता है, हम पहना देंगे ।कोई आरक्षण की छेड़छाड़ न करने की चेतावनी देता है। कोई भारी बहुमत प्राप्त करने पर संविधान में बदलने की बात कर रहा है । कोई गारंटी वाली बात कहता है ।कोई जिम्मेदार नेता कह रहा है संविधान बदलने की बात तो दूर-दूर तक भी नहीं है । कोई अपने मुंह से कुछ भी अल्लम गल्लम-अलग बोल रहा है । पर यह सब बातें चुनावी माहौल चलने तक है। फिर पूरे देश में शांत सुखी लोकतंत्र की शीतल बयार चलेगी । जो जीतेगा उसे दूसरे पार्टी के लोग बधाई देंगे।' 'तुमने 'काफी कुछ चुनावी माहौल पर प्रकाश डालकर कई जानकारी दी। अब जनता चुनावी परिणाम की प्रतीक्षा कर रही है और फिर बातें समाप्त करते हुए हम दोनों ,अपनी राह पर आगे बढ़ गए।

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
मैंने वोट बैंक के लिए कभी काम नहीं किया है, लेकिन जो गलत है उसे गलत कहकर रहूंगा!



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
2014 से पहले... "अरे अभी तो बहुत टाइम लगेगा... अभी तो बहुत नजराने देने होंगे..."
2014 के बाद..."बदल गया है पूरा सिस्टम, सबकुछ हुआ ऑनलाइन..."
व्यापार शुरू करना हुआ आसान, बढ़ रही है उन्नति की रफ्तार।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
नरेंद्र मोदी ने देश को नोटबंदी की लाइन में तड़पाया, ऑक्सीजन सिलेंडर की लाइन में रुलाया और प्रतियोगी परीक्षा दे रहे युवाओं को कोर्ट-कचहरी की लाइन में उलझाया।
कांग्रेस सिर्फ एक लाइन में लगाएगी - 1 लाख की लाइन में ऐसी लाइन जिसमें खड़े होने का इंतजार हर गरीब महिला बेसब्री से कर रही है। महालक्ष्मी योजना गरीब परिवारों की 'लाइफ लाइन' बनने जा रही है।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
जो रामभक्त हैं, वे राष्ट्रभक्त भी हैं...
वे पहले देश के विकास के बारे में सोच रहे हैं,
वे भारत के उत्थान के बारे में सोच रहे हैं,
वे भारत को परम वैभव की स्थिति में पहुंचाने की सोच रहे हैं...

## नॉलेज कॉर्नर: रेलवे में चार केटेगरी के हिसाब से है लाइनें

# लाइन के हिसाब से तय होती है रफ्तार

पिछले साल ओडिशा के बालासोर में भयंकर रेल हादसा हुआ था। इसमें 296 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। वहीं 1200 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। तब से रेलवे से जुड़े कई शब्द बार-बार सुनने में आ रहे हैं। इनमें मेन लाइन और लूप लाइन जैसे शब्द भी बार-बार आंखों के सामने आए थे। रेलवे में चार तरह की होती हैं रेलवे लाइनें होती है। मेन लाइन शब्द सुनकर तो शायद आपको भी थोड़ा आइडिया हो गया होगा कि ये मुख्य लाइन होती है। लेकिन इसके अलावा भी लाइन की 2 कैटेगरी और होती हैं। जिनमें पहली है ब्रांच लाइन और दूसरी है ट्रंक लाइन। वैसे इनके अलावा भी एक लूप लाइन होती है, लेकिन इसका काम सिर्फ रेलवे स्टेशन के आसपास होता है। दरअसल, लाइनों के आधार पर रेलगाड़ियों की स्पीड की लिमिट तय होती है। आइए एक-एक करके इनको समझते हैं। रेलवे की लाइनों के बारे में जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में।

### ट्रंक लाइन क्या है?

अगर भारत के 4 बड़े शहरों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता (हावड़ा) और चेन्नई को मिलाएं तो एक स्वर्णिम चतुर्भुज बनता है। इस प्रकार जब इन चारों महानगरों से रूट निकलते हैं तो बीच में 2 लाइनें एक दूसरे को काटती हैं। एक लाइन इटारसी के रास्ते होकर जाने वाली दिल्ली से चेन्नई को जाती है और दूसरी नागपुर से होकर मुंबई से कोलकाता। इस प्रकार इन 6 लाइनों से मिलकर ट्रंक रूट बनता है। हालांकि, साल 2000 के इनमें एक ट्रंक रूट और शामिल हुआ जो दिल्ली से गुवाहाटी के लिए है। इस प्रकार



इन सात रूट की लाइनों को ट्रंक लाइन कहा जाता है। इन पर ट्रेनें अपनी अधिकतम स्पीड से दौड़ती हैं।

### क्या होती है मेन और ब्रांच लाइन?

इनके अलावा, बची हुई सभी मुख्य लाइनों को मेन लाइन कहा जाता है। गौरतलब है कि मेन लाइन, ट्रंक लाइन से अलग होती हैं। इनमें ट्रंक लाइन नहीं आती है। इनपर गाड़ी की स्पीड 100 से 130 किमी/घंटा तक होती है। इसके साथ ही छोटे शहरों के स्टेशनों को मेन लाइन से जोड़ने का काम ब्रांच लाइन का होता है। इसलिए एक ही राज्य के किसी जिले से उसी राज्य की राजधानी तक आने वाली लाइन ब्रांच लाइन हो सकती है। इस पर ट्रेन की रफ्तार 100 किमी/घंटे से कम ही रखी जाती है।

### मेन और लूप में यह अंतर

*मेन लाइन को सीधे तौर पर कहा जाए तो स्टेशन पर ट्रेन जिस ट्रैक से बिना रुके अपनी रफ्तार से गुजर जाए, वो मेन लाइन होती है। इससे अलग, जब ट्रेन स्टेशन पर रुकती है और ट्रैक चेंज करके प्लेटफार्म पर आती है तो उसे लूप लाइन कहा जाता है। लूप लाइन सिर्फ स्टेशनों पर होती है।*

कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर

### आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने माना: स्वाति मालीवाल के साथ हुआ था दुर्व्यवहार

# सीएम अरविंद केजरीवाल ने लिया संज्ञान, पीएस विभव पर होगी कार्रवाई

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार हुआ था और बदसलूकी सीएम केजरीवाल के पीएस विभव कुमार द्वारा की गई। संजय सिंह ने प्रेस वार्ता में कहा कि स्वाति मालीवाल ने इस घटना की जानकारी दिल्ली पुलिस को दे दी है। यह निंदनीय घटना है। अरविंद केजरीवाल ने मामले का संज्ञान लिया है और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घटना का ब्योरा देते हुए कहा कि पूरी पार्टी मालीवाल के साथ खड़ी है और विभव पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सिंह ने कहा, सोमवार सुबह स्वाति मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने सीएम हाउस गई थीं, ड्राइंग रूम में इंतजार कर रही थीं। उसी समय सीएम के पीएस विभव कुमार आए और उन्होंने उनके साथ बदतमीजी की। स्वाति ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। विभव के कृत्य की जितनी निंदा की जाए



कम है। स्वाति ने महिलाओं और देश के लिए बहुत काम किए हैं, वह पार्टी की पुरानी व वरिष्ठ नेता हैं, हम सब उनके साथ हैं।

### सुरक्षाकर्मियों ने सीएम से मिलने से रोका: पुलिस आयुक्त

इससे पहले पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल सोमवार को सिविल लाइंस थाने गईं और आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी स्टाफ के एक सदस्य ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। विशेष आयुक्त कानून एवं व्यवस्था रवींद्र सिंह यादव का कहना है कि सोमवार सुबह करीब 9:10 बजे स्वाति मालीवाल अपनी निजी कार से मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचीं। वह मुख्यमंत्री से मिलना चाहती थीं, लेकिन उनके आवास पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें मिलने से मना कर दिया। इस पर थोड़ी देर तक बहस होने के बाद स्वाति ने 9:31 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर मुख्यमंत्री के निजी सचिव विभव कुमार पर मारपीट करने का आरोप लगाया।

### भाजपा नेताओं ने घटना को बताया शर्मनाक, कार्रवाई की मांग

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, वे 36 घंटे तक चुप क्यों थे? मुख्यमंत्री कहां थे? एक राज्यसभा सांसद, वह भी एक महिला के साथ केजरीवाल के घर पर दुर्व्यवहार किया गया और आप अभी संज्ञान ले रहे हैं? उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है। कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी दावा किया कि राजनीतिक दबाव ने मालीवाल को अब तक पुलिस मामला दर्ज करने से रोक दिया है। भाजपा नेता अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि अगर स्वाति मालीवाल के साथ इस तरह का व्यवहार किया गया है तो यह निंदनीय और शर्मनाक है। जो लोग गारंटी की बात करते हैं वे अपने घरों में महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते।

### सुप्रिया भारद्वाज बनीं कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक



**नई दिल्ली**। कांग्रेस पार्टी ने सुप्रिया भारद्वाज को अपना राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक नियुक्त किया है। पार्टी ने तत्काल प्रभाव से सुप्रिया को यह जिम्मेदारी सौंपी है। सुप्रिया से पहले कांग्रेस का राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक का पद राधिका खेड़ा संभाल रहीं थीं, लेकिन बीते दिनों उनके भाजपा में शामिल होने के बाद से यह पद खाली था। राधिका खेड़ा ने बीते दिनों छत्तीसगढ़ में उनके साथ कथित दुर्व्यवहार होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया था।

### धनंजय सिंह का भाजपा को समर्थन देने का ऐलान



**जौनपुर**। जौनपुर से पूर्व सांसद धनन्जय सिंह ने अपने मंगलवार को अपने समर्थकों संग बैठक में चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। उन्होंने पहले समर्थकों से उनकी राय जानी और अंत में अपनी बात रखी। इकरीब घंटे भर चली बैठक के बाद उन्होंने भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया। दरअसल, बैठक के दौरान सिंह ने समर्थकों से पूछा कि बाबू सिंह कुशवाहा समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार हैं और कृपा शंकर सिंह भाजपा के उम्मीदवार हैं, इन दोनों में किसका नाम आपने सुना है? इसके बाद उन्होंने खुद ही कहा कि बाबू सिंह को कोई नहीं जानता है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार धनंजय सिंह की इस घोषणा से अब जौनपुर में भाजपा की आगे की राह आसान हो सकती है। ज्ञात रहे कि बसपा ने उनकी पत्नी का टिकट काट दिया था।

### झारखंड: प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस व झामुमो पर साधा निशाना, कहा-

# चोरों को चैन से नहीं सोने दूंगा उनका खजाना खाली कर दूंगा

**एजेंसी** | कोडरमा(झारखंड)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को झारखंड में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस व झामुमो पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं चोरों को चैन की नींद नहीं सोने दूंगा। मैं उनकी नींद भी उड़ा दूंगा और उनके खजाने भी खाली कर दूंगा। ये पैसे आपके हैं, इन पैसों के मालिक आप हैं। कोई चोरी-लूट नहीं कर सकता है। मोदी इन पर कड़ी कार्रवाई कर रहा है, इसलिए ये मोदी को गोली मारने की बात करते हैं। मैंने लाल किले से कहा था, मैं भारत को भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण से मुक्त कराने के लिए अपना जीवन खपा दूंगा।



पीएम ने राज्य के कोडरमा संसदीय क्षेत्र के पेशम में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि, मैंने लाल किले से कहा था, मैं भारत को भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण से मुक्त कराने के लिए अपना जीवन खपा दूंगा। झामुमो-कांग्रेस-वाम का इंडी-गठबंधन (विपक्षी गठबंधन इंडिया) इन सारी बुराइयों का सबसे बड़ा मॉडल है। कांग्रेस की कमजोर सरकारों ने देश को नक्सलवाद की आग में झोंका। इस आग में वामपंथियों ने भी अपनी रोटियां सेकीं। ये भाजपा की सरकार है, जिसने देश में नक्सली हिंसा पर लगाम लगाई।

### जिन्हें पहले पूछा तक नहीं जाता था, उन्हें मोदी ने पूजा है

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं किसी राजघराने में पैदा नहीं हुआ हूं न ही किसी शाही परिवार में पैदा हुआ हूं और न ही मेरे पिता किसी गांव के प्रधान तक बने हैं, मेरे घर में कोई चुनाव तक नहीं लड़ा है। मैं एक गरीब का मां का बेटा हूं। मैं चाय बेचते-बेचते यहां तक पहुंचा हूं और आपने यहां पहुंचाया है। मैंने गरीबी देखी है और जो तकलीफें मैंने झेली हैं, मैं उन तकलीफों से देश के गरीबों को मुक्त कराना चाहता हूं। इसलिए मोदी का मंत्र है- वंचितों को वरीयता। जिन्हें पहले पूछा तक नहीं जाता था, मोदी ने उन्हें पूजा है।

### कश्मीर में वोटिंग पर खुशी जताई

प्रधानमंत्री ने कश्मीर में हुई शानदार वोटिंग का जिक्र करते हुए कहा, इस पूरे चुनाव में अगर कोई मुझसे से पूछे कि मोदी जी सबसे संतोषजनक बात आपको क्या लगी? तो मैं कहूंगा कि सोमवार को श्रीनगर में जो मतदान हुआ है, लोकतंत्र के प्रति जिस प्रकार से श्रद्धा व्यक्त की गई है, भारत के संविधान के प्रति जो मुहर लगाई गई है, दशकों बाद श्रीनगर में चुनाव को लेकर उत्सव था और इतना भारी मतदान हुआ। लोग कह रहे थे कि ये धारा 370 जाने के कारण ये संभव हुआ है, मोदी के आने के बाद ये संभव हुआ है।

### मजबूत सरकार के लिए देश का हित पहले

पीएम मोदी ने कहा कि जब देश में एक मजबूत सरकार होती है तो वो सबसे पहले देश का हित देखती है, देश के लोगों का हित देखती है, लेकिन जब देश में कांग्रेस जैसी कमजोर सरकार होती है तो वो देश को भी कमजोर कर देती है। ऐसी कमजोर सरकार कभी भी देशवासियों का भला नहीं कर सकती।

### हमारे आराध्यों की मूर्तियां तोड़ी जा रही

पीएम ने कहा, झारखंड में आज अपनी आस्था का पालन करना मुश्किल हो रहा है, हमारे आराध्यों की मूर्तियां तोड़ी जा रही हैं, जिहादी मानसिकता वाले घुसपैठिये झुंड बनाकर हमला कर रहे हैं। झारखंड सरकार आंखें मूंदकर बैठी है। इन घुसपैठियों में राज्य में हमारी बहन-बेटियों की सुरक्षा को भी खतरा पैदा कर दिया है।

### शराब घोटाले में बढ़ेंगी आप की मुश्किलें

## 'आप' को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बनाया जाएगा आरोपी: ईडी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में यह जानकारी दी। ईडी ने यह दलील मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए दी। दोनों पक्षों की दलील को सुनने के बाद जज ने फिलहाल इस पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। ईडी के वकील ने जज स्वर्णकांत शर्मा के सामने दलील देते हुए बताया कि इस मामले हम अपनी अगली अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) में 'आप' को सह-अभियुक्त बनाने वाले हैं। आरोपी पक्ष इस मामले में आरोप तय करने की प्रक्रिया में देरी करने के लिए पूरा जोर लगा रहा है।



### जल्द शुरू नहीं होगा मुकदमा

वहीं मनीष सिसोदिया की ओर वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन ने तर्क रखा कि आप नेता के खिलाफ मुकदमा जल्द शुरू होने की संभावना नहीं है। दोनों मामलों की जांच अभी भी जारी है। इसमें अभी भी गिरफ्तारियां जारी हैं... इस मुकदमे में बिल्कुल भी प्रगति नहीं हुई है। वास्तव में, हम मुकदमे के चरण तक भी नहीं पहुंचे हैं। उन्होंने इर्स तर्क को गलत बताया कि सिसौदिया मुकदमे में देरी कर रहे हैं जबकि कुछ आवेदन ईडी और अन्य सह-अभियुक्तों द्वारा दायर किए गए थे।

### शुरू हो सकता है परेशानी का दौर

जानकारों का मानना है कि आरोपी बनाए जाने से आम आदमी पार्टी के खिलाफ मुसीबतों के नए दौर की शुरुआत हो सकती है। पार्टी की संपत्ति से लेकर निशान तक पर खतरा मंडरा सकता है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल फिलहाल 21 दिन की अंतरिम जमानत पर बाहर निकले हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें लोकसभा चुनाव प्रचार में हिस्सा लेने के लिए राहत दी है। ईडी का आरोप है कि वित्त वर्ष 2021-22 की शराब नीति में भ्रष्टाचार हुआ। केंद्रीय जांच एजेंसी का दावा है कि शराब कारोबारियों को गलत तरीके से फायदा पहुंचाया और बदले में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने रिश्वत ली।

### पश्चिम बंगाल: चुनाव सभा में गृह मंत्री अमित शाह का दावा

## मिल चुका है बहुमत, अब 400 पार की लड़ाई

**एजेंसी** | कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि अब तक हुए मतदान में ही भाजपा को पूर्ण बहुमत हासिल हो चुका है। शाह ने कहा, 4 चरण के मतदान पूरे हो गए हैं। 380 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है। बंगाल में 18 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है। आज में बता कर जाता हूं कि 380 में से पीएम मोदी 270 सीट लेकर पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुके हैं। आगे की लड़ाई 400 पार करने की है। शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के बनगांव



में चुनावी जनसभा का संबोधित करते हुए यह दावा किया। राज्य के मतदाताओं से 42 में से 30 से अधिक सीटें भाजपा के लिए सुनिश्चित करने की अपील करते हुए अमित शाह ने कहा,ममता दीदी आप तब खुश थीं जब आपने ईवीएम वोटिंग के जरिए सत्ता हासिल की। मुख्यमंत्री के रूप में अपने तीन कार्यकाल पूरे किए, लेकिन अब आप आसन्न हार की आशंका के कारण उन्हीं इलेक्ट्रॉनिक मशीनों को दोष दे रही हैं।

### ममता बनर्जी व टीएमसी पर साधा निशाना

अमित शाह ने रैली में मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ममता दीदी झूठ बोल रही हैं कि सीएए के तहत नागरिकता के लिए जो भी अर्जी करेगा, उसे तकलीफ आएगी। उन्होंने कहा, मतुआ समाज के लोगों को मैं आश्वस्त करने आया हूं कि किसी को कोई तकलीफ नहीं आएगी। नागरिकता भी मिलेगी और देश में सम्मान के साथ जी भी पाओगे। दुनिया की कोई ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से रोक नहीं सकती, ये नरेंद्र मोदी जी का वादा है।

### झांसी में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की साझा सभा

## फाड़कर फेंक देंगे अग्निवीर योजना

**एजेंसी** | झांसी

उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन इंडिया के दो प्रमुख सदस्यों कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने अपना साझा प्रचार अभियान तेज कर दिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को झांसी में जनसभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र में यूपीए की सरकार बनते ही अग्निवीर योजना कूड़े में फेंक देंगे। एक को शहीद का दर्जा और दूसरे को नहीं ऐसा नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन संविधान की रक्षा कर रहा



है। जबकि, भाजपा संविधान को नष्ट करना चाहती है।

राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया। जबकि, यूपीए की सरकार ने किसानों का 72000 करोड़ रुपए कर्ज माफ किया था।

### जबरदस्ती लगवा दी कोरोना वैक्सीन: अखिलेश यादव

अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा वालों ने जबरदस्ती लोगों को वैक्सीन लगवा दी, जिन्होंने वैक्सीन लगवाई है उनको दिल की बीमारी जल्दी हो जाएगी। सब दवाईयां महंगी हो गई, गरीबों को इलाज नहीं मिल रहा है। हम गरीबों के लिए राशन की गुणवत्ता बढ़ाएंगे, मात्रा बढ़ाएंगे, और आटा के साथ डाटा भी मुफ्त देंगे।

**उत्तर प्रदेश की चुनावी हलचल**

# मोदी-योगी से नहीं, दो विचारधाराओं के बीच है लड़ाई: खरगे

**एजेंसी** | महराजगंज

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान कहा कि हमारी लड़ाई मोदी-योगी से नहीं है, यह लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच की है। एक विचारधारा देश को कुछ उद्योगपतियों के हाथ गिरवी रखकर गरीब और मध्यम वर्ग को गुलाम बनाना चाहती है जबकि हम देश और देशवासियों को बचाना चाहते हैं। उन्होंने लोगों से संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील की। खरगे ने मंगलवार को यहां विपक्षी



गठबंधन के उम्मीदवार कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी विचारधारा नेहरू, गांधी, पटेल के बनाए देश को बचाने की है। उनकी उसे खत्म करने की है। वे अपने उद्योगपति मित्रों को लाभ देते हैं। हम गरीबों, किसानों की मदद करते हैं, उनका कर्ज माफ करते हैं। खरगे ने कहा कि हमारी पांच गारंटी है जो युवाओं को नौकरी, महिलाओं के खाते में साल में एक लाख, कर्ज माफी और बेरोजगार युवकों के लिए अप्रेंटिस सुनिश्चित करती है।

### गठबंधन सरकार बनना तय: शिवपाल

सपा नेता व पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि गठबंधन की सरकार बनना तय है। अब आपकी जिम्मेदारी है कि महराजगंज से गठबंधन उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी को जिताकर गठबंधन सरकार के गठन में अपनी भागी दारी सुनिश्चित करें। कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय ने भाजपा सरकार की विफलता की लंबी सूची गिनाते हुए कहा कि इस सरकार का अब बने रहना देश हित में नहीं है।

## जयराम ने साधा निशाना, कहा- नहीं कोई लहर, सिर्फ जहर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनकी भाषा को लेकर हमला बोला है और कहा है कि वह सिर्फ हिन्दू-मुसलमान करते हैं और देश में विभाजनकारी ताकतों को बल देते हैं। उन्हेंने कहा कि मौजूदा चुनावों में मोदी नाम की कोई लहर नहीं है बल्कि उनकी भाषा में सिर्फ जहर है। उन्होंने कहा कि मोदी जी कन्फ्यूज हैं। वह अपने भाषणों में कभी हिन्दू-मुस्लिम, तो कभी मुस्लिम लीग और मंगल सूत्र की बात करते हैं, जबकि कांग्रेस किसानों, युवाओं, मजदूरों, महिलाओं और पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए पंच न्याय की बात करती है। रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी और उनके



गठबंधन के सहयोगी दल मौजूदा चुनाव देश में संविधान को बचाने के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार के खिलाफ किसानों, युवाओं, मजदूरों, महिलाओं और पिछड़े वर्गों में व्यापक असंतोष है।

### पीएम मोदी से पूछे कई सवाल

इससे पहले जयराम रमेश ने वाराणसी में पीएम मोदी के नामांकन दाखिल करने से पहले सोशल मीडिया मंच एक्स पर उनसे कई सवाल पूछे। रमेश ने लिखा, निवर्तमान प्रधानमंत्री को वाराणसी में अपनी विफलताओं पर जवाब देना चाहिए। 20,000 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद गंगा और भी अधिक मैली क्यों हो गई? प्रधानमंत्री ने वाराणसी के उन गांवों को उनके हाल पर क्यों छोड़ दिया, जिन्हें उन्होंने गोद लिया था? प्रधानमंत्री वाराणसी में महात्मा गांधी की विरासत को नष्ट करने पर क्यों तुले हुए हैं?

## जरूरी खबर

### सुशील मोदी का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन



**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी की पार्थिव देह मंगलवार देर शाम पंचतत्व में विलीन हो गई। उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार दीघा घाट पर किया गया। बड़े पुत्र उत्कर्ष तथागत ने मुखाग्नि दी। उनकी अंतिम यात्रा 7.30 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय से दीघा घाट के लिए निकली। इसके पहले पटना एयरपोर्ट से पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास राजेंद्र नगर लाया गया। यहां से आरएसएस क्षेत्रीय कार्यालय और फिर विधानमंडल परिसर पहुंचा। पार्टी कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा ओढ़ाकर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। गले के कैंसर से पीड़ित सुशील मोदी का सोमवार की रात 9.29 बजे दिल्ली एम्स में निधन हो गया था।

### श्रीकृष्ण जन्म स्थान की बढ़ाई सुरक्षा

**मथुरा।** देशभर में मिल रहीं धमाके की धमकियों के बीच श्रीकृष्ण जन्मभूमि की सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की गई है। वहां अब बिना जांच के प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। खुफिया तंत्र, अर्द्धसैन्य बल और पुलिस को अलर्ट किया गया है। हाल में देश के कई स्टेशनों और सोमवार को लखनऊ-जयपुर के स्कूलों को उड़ाने की धमकी भरा पत्र मिला है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण स्थल है। ईदगाह-जन्मभूमि विवाद को देखते हुए यहां और भी सख्ती बरती जाती है। इन धमकी भरे पत्रों के प्राप्त होने के सिलसिले के बाद सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि जन्मभूमि को लेकर हमेशा पुलिस व खुफिया तंत्र अलर्ट मोड़ पर रहता है।

### लिट्टे पर प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ाया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगाए गए प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ा दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत यह प्रतिबंध लगाया है। मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि लिट्टे अभी भी उन गतिविधियों में शामिल है, जो देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा हैं। भारत ने 14 मई को 1992 में को लिट्टे पर प्रतिबंध लगाया था। उसके बाद से इस प्रतिबंध को बढ़ाया जा रहा है।

# पीएम मोदी का नामांकन... शिव की नगरी में उल्लास







*वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट पर से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके नामांकन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे समेत कई नेता मौजूद रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री बनारस के दशाश्वमेध घाट पर पहुंचे। इसके बाद काल भैरव मंदिर का दर्शन किया। पीएम मोदी के नामांकन के दौरान निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय कक्ष में सीएम योगी और पीएम मोदी के प्रस्तावक मौजूद रहे। चित्रों में पीएम मोदी के नामांकन की झलकियां।*

**SC का अहम फैसला: वकील उपभोक्ता अधिनियम से बाहर**

# सेवा में कमी पर वकीलों के खिलाफ नहीं चलेगा मुकदमा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

वकीलों की सेवाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि वकीलों पर उनकी खराब सेवा या पैरवी की वजह से उपभोक्ता अदालतों (कंज्यूमर कोर्ट) में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। वकालत का पेशा व्यापार से अलग है और यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के दायरे में नहीं आता है। वकीलों के काम की सफलता कई पहलुओं पर निर्भर करती है, जिन पर उनका नियंत्रण नहीं होता। इसलिए, उनकी सेवाओं या पैरवी में कमी का दावा नहीं किया जा सकता।

न्यायाधीश बेला एम त्रिवेदी और न्यायाधीशपंकज मिथल की



पीठ ने मामले की सुनवाई की। उन्होंने कहा कि कानूनी पेशा अद्वितीय है। काम की प्रकृति विशिष्ट है। इसकी तुलना दूसरे व्यवसायों से नहीं की जा सकती। वकील से ली गई सेवा व्यक्तिगत सेवा के अनुबंध के तहत होती है। इसलिए यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 2 (42) के तहत सेवा की परिभाषा के बहिष्करणीय भाग के तहत आएगा। अधिवक्ताओं के खिलाफ सेवा में कमी का आरोप लगाने वाली शिकायत उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम- 2019 के तहत सुनवाई योग्य नहीं होगी।

### इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

बार निकायों और अन्य व्यक्तियों द्वारा दायर याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। याचिका में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के 2007 के फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि वकील और उनकी सेवाएं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के दायरे में आती है।

### न्याय की रक्षा के लिए निडर हों वकील

पीठ ने कहा कि कानूनी पेशे की प्रकृति वाणिज्यिक नहीं है। यह अनिवार्य रूप से एक सेवा-उन्मुख और महान पेशा है। न्याय वितरण प्रणाली में अधिवक्ताओं की भूमिका अपरिहार्य है। अधिवक्ताओं से अपेक्षा होती है कि वे न्याय की रक्षा के लिए निडर और स्वतंत्र हों। कानूनी पेशा नागरिकों के अधिकारों, कानून के शासन को कायम रखने और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अहम है। लोग न्यायपालिका में विश्वास रखते हैं। माना जाता है कि वकील अभिजात वर्ग के बीच बुद्धिजीवी हैं तो वंचितों के बीच सामाजिक कार्यकर्ता।

**अब सुप्रीम कोर्ट ने IMA को फटकारा**

# आसानी से नहीं दी जा सकती है माफी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पतंजलि आयुर्वेद के बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने आईएमए यानी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को भी फटकार लगाई है। आईएमए चीफ के इंटरव्यू को लेकर कोर्ट ने कहा है कि इस बात से वे बिल्कुल खुश नहीं है और इतनी आसानी से माफी नहीं दी जा सकती। इधर, अदालत ने पतंजलि से जुड़े मामले में योग गुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने से छूट दे दी है। आईएमए अध्यक्ष आर वी अशोकन की तरफ से दिए गए इंटरव्यू पर शीर्ष न्यायालय ने नाराजगी जताई है। मामले की सुनवाई कर रहीं जस्टिस हिमा कोहली ने कहा, डॉक्टर अशोकन आपके अनुभव वाले व्यक्ति से हमने और जिम्मेदार रवैया रखने की उम्मीद थी। जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा, आपको अचानक जाने के लिए मजबूर क्यों होना पड़ा...। आप ऐसा कैसे कर सकते हैं।' अशोकन



ने इंटरव्यू को लेकर माफी भी मांगी। इस पर जस्टिस कोहली ने कहा, यह एक बात है कि, लेकिन दूसरी बात है कि क्या हम इसे स्वीकार करेंगे। जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा,बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है। आपने बिल्कुल वैसा ही किया है, जैसा उन लोगों ने किया था। कोर्ट के आदेश के बाद आपने उस पर टिप्पणी की। जस्टिस कोहली का कहना है, आपकी माफी के लिए हमारे पास कहने को बस वही है, जो हमने पतंजलि के लिए कहा था। यह मामला न्यायालय में है, जिसमें आप पार्टी हैं। आपके वकील टिप्पणियों को हटाने के लिए कह सकते थे, लेकिन आप प्रेस के पास चले गए। हम बिल्कुल खुश नहीं है। हम इतनी आसानी से माफ नहीं करेंगे।

**34000 करोड़ की धोखाधड़ी**

# धीरज वधावन गिरफ्तार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने मंगलवार को 34,000 करोड़ रुपए के डीएचएफएल (दीवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड) बैंक धोखाधड़ी जांच में बैंक के पूर्व डायरेक्टर धीरज वधावन को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सीबीआई ने इस मामले में उनके खिलाफ 2022 में पहले ही आरोप पत्र दायर कर दिया था।

अधिकारी ने बताया कि वधावन को सोमवार शाम को मुंबई से हिरासत में लिया गया था और उन्हें मंगलवार को दिल्ली की एक विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से



उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वधावन को पहले एजेंसी ने 'यस बैंक' भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया था और वह जमानत पर थे। बता दें कि सीबीआई ने 17 बैंकों के संघ से 34,000 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के संबंध में डीएचएफएल के खिलाफ मामला दर्ज किया था। यह देश में सबसे बड़ा बैंकिंग ऋण धोखाधड़ी मामला है।


**वायु सेना ने रचा इतिहास: 1500 फीट की ऊंचाई से दो पैराशूट के जरिए दिखाया कौशल**

# हवा से जमीन पर उतारा पहला पोर्टेबल अस्पताल 'भीष्म'

**एजेंसी** | आगरा

भारतीय वायु सेना ने मंगलवार को इतिहास रच दिया है। आगरा के मलपुरा ड्रॉपिंग जोन में संयुक्त टीम ने बैटल फील्ड हेल्थ इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर मेडिकल सर्विसेज (भीष्म) पोर्टेबल अस्पताल का सफल परीक्षण किया। भीष्म प्रोजेक्ट को स्वास्थ्य, रक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की टीम ने संयुक्त रूप से विकसित किया है।

आपातकालीन परिस्थितियों में ये पोर्टेबल हॉस्पिटल बेहद काम आ सकते हैं और इन्हें जहाज से एयरड्रॉप करके कहीं भी इस्तेमाल



किया जा सकता है। विमान से 1500 फीट से अधिक की दूरी से पोर्टेबल अस्पताल को दो पैराशूट के समूह से जमीन पर उतारा गया। क्यूबनुमा अस्पताल महज 12 मिनट में बनकर तैयार हो गया।

### कई बार हो सकता है उपयोग

भीष्म में मास्टर क्यूब केज के दो सेट होते हैं। प्रत्येक केज में 36 मिनी क्यूब होते हैं। यह क्यूब बहुत मजबूत होने के साथ हल्के भी होते हैं। इस अस्पताल को कई बार प्रयोग में लाया जा सकता है।

यह वाटरप्रूफ और बेहद हल्का है। इसमें एक साथ 200 लोगों का इलाज किया जा सकता है। यह पहला स्वदेशी पोर्टेबल अस्पताल है। इसे ड्रोन की मदद से कहीं ले भी जा सकते हैं।

### युद्धग्रस्त क्षेत्र में इलाज में मिलेगी मदद

पीएम मोदी के नेतृत्व में भीष्म प्रोजेक्ट शुरू किया था। प्रोजेक्ट का उद्देश्य आपदाग्रस्त अथवा युद्धग्रस्त क्षेत्र में गंभीर लोगों को जल्द इलाज उपलब्ध कराना है। मंगलवार को पोर्टेबल अस्पताल भीष्म को पैक किया गया। एक सिरे में पैराशूट का समूह बांधा गया और दूसरे सिरे में लोहे के प्लेटफॉर्म से पोर्टेबल अस्पताल को बांध दिया। मलपुरा ड्रॉपिंग जोन के आसमान से वायु सेना के विमान ने इसे नीचे फेंका। नीचे गिरने के बाद यह चेक किया जाना था कि अस्पताल कितनी देर में तैयार हो जाता है।

### वायु-भूमि-समुद्र में किया जा सकता है तैनात

इस अस्पताल को वायु, भूमि या फिर समुद्र में तैयार किया जा सकता है। जमीन पर गिरते ही क्यूब महज 12 मिनट में तैयार हो गया। हवाई वितरण अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (एडीआरडीई) की टीम ने पैराशूट विकसित किए हैं। इसको कहीं पर भी उतारने में दो पैराशूट का प्रयोग किया जाता है।

**डिजिटल अरेस्ट व ब्लैकमेल की घटनाओं को लेकर कार्रवाई**

# 1000 स्काइप आईडी, हजारों सिम किए ब्लॉक

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सरकार ने देश में तेजी से बढ़ी रही डिजिटल अरेस्ट और ब्लैकमेल की घटनाओं के मद्देनजर बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत 1,000 स्काइप आईडी को ब्लॉक किया है। इसके अलावा इस तरह के स्कैम में शामिल कई हजार सिम कार्ड भी ब्लॉक किए गए हैं। सरकार ने इसके लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की है। यह कार्रवाई भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की ओर से की गई है। ज्ञात रहे कि स्काइप एक वीडियो कॉलिंग एप है जो कि माइक्रोसॉफ्ट का है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C), देश में साइबर



अपराध से निपटने से संबंधित गतिविधियों का समन्वय करता है। गृह मंत्रालय इन धोखाधड़ी से निपटने के लिए अन्य मंत्रालयों और उनकी एजेंसियों, आरबीआई और अन्य संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है। I4C मामलों की पहचान और जांच के लिए राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस अधिकारियों को इनपुट और तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रहा है। इसके अलावा ऐसे धोखेबाजों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सिम कार्ड, मोबाइल और सोशल मीडिया खातों को भी ब्लॉक किया गया है। स्काइप पर यह कार्रवाई इसलिए हुई है क्योंकि अभी तक डिजिटल अरेस्ट के जितने भी मामले सामने आई हैं, उनके स्काइप का ही इस्तेमाल किया गया है।

### क्या है डिजिटल अरेस्ट?

डिजिटल अरेस्ट ब्लैकमेल करने का एक एडवांस तरीका है। डिजिटल अरेस्ट स्कैम के शिकार वही लोग होते हैं जो अधिक पढ़े लिखे और अधिक होशियार होते हैं। डिजिटल अरेस्ट का सीधा मतलब ऐसा है कि कोई आपको ऑनलाइन धमकी देकर वीडियो कॉलिंग के जरिए आप पर नजर रख रहा है। डिजिटल अरेस्ट के दौरान साइबर ठग नकली पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को धमकाते हैं और अपना शिकार बनाते हैं।

### ऐसे करते हैं डिजिटल अरेस्ट

कई बार डिजिटल अरेस्ट करने वाले ठग लोगों को फोन करके कहते हैं कि वे पुलिस विभाग या आयकर विभाग से बात कर रहे हैं। ये कहते हैं कि आपके पैन और आधार का इस्तेमाल करते हुए तमाम चीजों की खरीदी गई हैं या फिर मनी लॉन्ड्रिंग की गई है। इसके बाद वे वीडियो कॉल करते हैं और सामने बैठे रहने के लिए कहते हैं। इस दौरान किसी से बात करने, मैसेज करने और मिलने की इजाजत नहीं होती। इस दौरान जमानत के नाम पर लोगों से पैसे भी मांगे जाते हैं। इस तरह लोग अपने ही घर में ऑनलाइन कैद होकर रह जाते हैं।

**भारत ने चीन को दिया कड़ा जवाब**

# एलएसी पर तैनाती असामान्य : जयशंकर

**एजेंसी** | कोलकाता

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बलों की तैनाती असामान्य है। देश की सुरक्षा की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। जयशंकर मंगलवार को इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत ने गलवान झड़प का जवाब वहां बलों की जवाबी तैनाती से दिया।

जयशंकर ने बताया कि 1962 के युद्ध के बाद 1988 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने चीन की यात्रा की। इसका उद्देश्य स्पष्ट था



कि चीन और भारत संबंधों को सामान्य बनाएंगे। यात्रा का उद्देश्य सीमा मतभेदों पर चर्चा करने के साथ-साथ सीमा पर शांति के बनाए रखना था। लेकिन 2020 में चीनियों ने इस समझौते को तोड़ दिया। भारत कोविड-19 लॉकडाउन में था, ऐसे समय पर चीन ने सीमा पर बड़ी संख्या में सेना तैनात कर दी। अब चीजें बदल गई हैं।

## संत आगमन: शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का पादुका पूजन

# गो संरक्षण वर्तमान की महत्ती जरूरत इसी से ही पृथ्वी का कल्याण संभव

बेधड़क | जयपुर

मन जयपुर। केशव नगर में मंगलवार को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी का आरएएस पंकज ओझा और अलका ओझा ने पादुका पूजन किया। इस मौके पर अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि गो संरक्षण और गो संवर्धन की अत्यंत आवश्यकता है। इसी से पृथ्वी का कल्याण संभव है। गो माता में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है। अतः राष्ट्र की प्रगति और उन्नति के लिए गो माता का संरक्षण आवश्यक है। साथ ही उन्होंने अपने कुल गौरव और कुल की शौर्य गाथाओं पर भी अडिग रहने के लिए कहा।

### 'घट-घट के राम' पुस्तक भेंट

सनातन के ध्वज वाहक एवं आध्यात्मिक प्रेरक पंकज ओझा ने अयोध्या के राममंदिर पर लिखित पुस्तक 'घट-घट के राम' भी शंकराचार्य को समर्पित की। इस पर उन्होंने शुभकामनाएं दी।




### 'घट-घट के वासी राम' के पोस्टर का विमोचन

इस अवसर पर अविमुक्तेश्वरानंद ने 9 जून को विद्याश्रम स्कूल से प्रारंभ होने वाले कार्यक्रम 'घट-घट के वासी राम' एक ज्ञान यात्रा-राम से प्रभु श्री राम तक के पोस्टर का भी विमोचन किया। इसे पंकज ओझा द्वारा कार्यक्रम में प्रस्तुत किया जाएगा, जो कि एक ज्ञान यात्रा है राम के प्रभु राम बनने तक, जिसमें विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया जाना है। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए और देश धर्म की रक्षा के लिए हमें ऐसे ही वैचारिक योद्धा तैयार करने होंगे जो कि आसुरी और विधर्मी शक्तियों के कुतर्कोंऔर संकुचित अनादर भाव वाले प्रश्नों का निवारण कर सके।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद


इस अवसर पर सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा, सफारी होटल ग्रुप के डायरेक्टर पवन गोयल, एनएस एडवरटाइजिंग के जेडी महेश्वरी, एडिशनल कमिश्नर अरविंद सारस्वत, एडिशनल कमिश्नर जीएसटी मुकुट बिहारी जांगिड़, डॉक्टर अनुपमा, आईपीएस लक्ष्मण गौड़, पिंजरापोल गौशाला के निदेशक अतुल गुप्ता, ठकराल एडवरटाइजिंग, अभय सिंह शेखावत, डॉ आत्माराम जोशी, उधोगपति तेजप्रकाश जोशी, श्री धर्म फाउंडेशन के चेयरमैन गोधा, महासचिव गब्बर कटारा, प्रोफेसर केके शर्मा, जितेंद्र श्रीमाली, सर्वेश्वर शर्मा, उद्योगपति प्रमोद शर्मा, पार्थ गौर, एडवोकेट हर्षित शर्मा, डॉ. अमित, डॉ. अनिल जोशी, राहुल शर्मा वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी, केशवनगर के अध्यक्ष एवं महामंत्री, स्थानीय नागरिक, विभिन्न कर्मचारियों के संघों के नेता एवं अन्य उपस्थित रहे।

## ताशकंद पहुंची हैंडबॉल टीम



**बेधड़क. जयपुर।** ताशकंद (उज्बेकिस्तान) में 14 से 21 मई तक होने वाली चौथी ओपन सेंट्रल एशियन हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली भारतीय पुरुष टीम में राजस्थान के अक्षयराज सिंह राठौड़, राय सिंह व शाहरुख गौरी का चयन किया गया है। इस चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए भारतीय पुरुष हैंडबॉल टीम मंगलवार सुबह ताशकंद पहुंची। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रशिक्षक प्रियदीप सिंह खंगारोत टीम के कोच हैं। टीम मैनेजर राज्य क्रीड़ा परिषद रोकड़ अधिकारी अशोक कुमार शर्मा हैं। भारतीय टीम के साथ टेक्निकल डेलीगेट के रूप में राज्य हैंडबॉल संघ के अवैतनिक सचिव यश प्रताप सिंह व राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सहायक प्रशासनिक अधिकारी मोहम्मद कलीम भी गए हैं। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया महासचिव पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व महाराणा प्रताप अवॉर्डी डॉ. तेजराज सिंह भी चैंपियनशिप में दलनायक के रूप में साथ हैं।

## श्रीकांत फिल्म ने चार दिन में कमाए 13.64 करोड़ रुपए



**बेधड़क. जयपुर।** राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत ने चौथे दिन सोमवार को 1 करोड़ 69 लाख रुपए का कलेक्शन किया। इस तरह से फिल्म ने चार दिन में 13 करोड़ 64 लाख रुपए का भारत में नेट कलेक्शन किया। डे वाइज कमाई की बात करें तो फिल्म ने पहले दिन दो करोड़ 41 लख रुपए से ओपनिंग ली थी। सेकनिल्क के अनुसार दूसरे दिन कमाई में लगभग दो गुना उछाल आया और 4 करोड़ 26 लाख रुपए का कलेक्शन हुआ। बॉक्स ऑफिस पर यह बढ़त तीसरे दिन भी जारी रही और रविवार को फिल्म ने 5 करोड़ 28 लाख रुपए की कमाई की।

## City इवेंट्स

### रमेश सैनी को 'स्टेट अचीवमेंट अवॉर्ड'



**बेधड़क. जयपुर।** जनाना हॉस्पिटल ओपीडी प्रभारी रमेश सैनी को राज्य स्तरीय 'स्टेट अचीवमेंट अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान टीएनएआई के नेशनल प्रेसिडेंट डॉ. रॉय के जॉर्ज, स्टेट चेयरमैन व वाइस प्रेसिडेंट डॉ. जोगेंद्र शर्मा एवं राजस्थान नर्सिंग कौंसिल की रजिस्ट्रार भारती ने प्रदान किया। सैनी 28 वर्षों से नर्सिंग सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। सैनी को यह सम्मान नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्ठ सेवाओं कोरोना जैसी महामारी में मरीजों की सेवा करने, कोविड टीकाकरण अभियान और नर्सिंग क्षेत्र में अच्छा मैनेजमेंट किए जाने पर दिया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज से डॉ. जगदीप सैनी, एसएमएस से हेमराज गुप्ता, राजकुमार राजपाल, मानसिक हॉस्पिटल से रविन्द्र सैनी एवं गणगौरी हॉस्पिटल ओमप्रकाश को भी सम्मानित किया गया।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन कल

**बेधड़क. जयपुर।** सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन जयपुर सेवा भारती समिति राजस्थान की ओर से 16 मई को आदर्श विद्या मंदिर स्कूल अंबाबाड़ी में किया जाएगा। सम्मेलन में 44 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। सुबह 7:30 बजे दुल्हों को पारंपरिक वेशभूषा में सजा बैंड बाजे के साथ सामूहिक बरात निकाली जाएगी। बारात अंबाबाड़ी सीकर रोड घूमते हुए वापस विवाह स्थल पहुंचेगी, जहां बारातियों का स्वागत किया जाएगा। हिंदू रीति रिवाज के अनुसार तोरण, वरमाला, अग्नि फेरे व कन्यादान पंडितों द्वारा विधि विधान से कराया जाएगा। विदाई समारोह में साधु-संतों द्वारा नव 44 जोड़ों को आशीर्वाद देकर विदाई की जाएगी। इस अवसर पर नव विवाहित जोड़े को घर परिवार की आवश्यकताओं के लिए सेवा भारती व समाज की ओर से उपहार दिए जाएंगे। सम्मेलन के संयोजक नवल बगड़िया ने बताया कि लड़कियों का विवाह एक बड़ी जिम्मेदारी है, इसे एक धार्मिक अनुष्ठान माना गया है।

### निशुल्क कैंप में एक्सपर्ट देंगे परामर्श

बेधड़क, जयपुर। वर्ल्ड स्ट्रोक थ्रोम्बेक्टमी डे पर गोविंद मार्ग तिलक नगर स्थित निम्स हार्ट एंड ब्रेन हॉस्पिटल (एनएचबीएच) में बुधवार को निशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। मरीजों को डॉक्टर्स की ओर से न्यूरोलॉजी संबंधी बीमारियों के लिए निशुल्क परामर्श दिया जाएगा। इसी के साथ विभिन्न हेल्थ टेस्ट पर डिस्काउंट दी जाएगी। कैंप में निम्स के डायरेक्टर और न्यूरोसाइंस एचओडी डॉ. पंकज सिंह, डॉ. मदन मोहन गुप्ता, सेंटर चीफ और चीफ न्यूरो इंटरवेंशन एक्सपर्ट एनएचबीएच, सीनियर न्यूरोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. रवि जाखड़ समेत अन्य विशेषज्ञ सेवाएं देंगे।

## पद्मश्री मधु पंडित दास का आध्यात्मिक व्याख्यान

# कृष्ण-बलराम का मयूर अलंकार पाटोत्सव में शिशुपाल का वध



बेधड़क | जयपुर

श्रीश्री कृष्ण बलराम में पिछले 5 दिनों से आध्यात्मिक उत्सव पाटोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्त भगवान के दर्शन करने पहुंचे।

पाटोत्सव में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया और फूल बंगला झांकी खास रही। श्रीश्री कृष्ण बलराम मंदिर में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें भजन संध्या, शिशुपाल वध नाटक का मंचन आदि विशेष था। भक्तों ने भगवान की रथ यात्रा में संकीर्तन करते हुए नृत्य किया। भगवान का फूलों से स्नान कराया गया और पीले फूल इस दौरान उपयोग में लाए गए। पाटोत्सव के अंतिम दिन श्रीश्री कृष्ण बलराम का सुंदर मयूर अलंकार हुआ, जिसे देखकर भक्त भाव विभोर हो गए। ग्लोबल हरे कृष्ण मूवमेंट और इस्कान बेंगलुरु अध्यक्ष पद्मश्री मधु पंडित दास का आध्यात्मिक व्याख्यान हुआ। मंदिर के वृन्दावन गार्डन में श्रीश्री कृष्ण बलराम और गौर निताई का महाअभिषेक किया गया, जिसें मधु पंडित दास, अमितासन दास, अनंत शेष दास व राधा प्रिय दास, सुव्यक्त नरसिम्हा प्रभू, जगमोहन कृष्ण प्रभू, राजीव लोचन प्रभू उपस्थित थे।

## मेगा सेल का आज आखिरी दिन

# वैशाली में वुडकास्टल फर्नीचर के आइटम्स पर 70% तक छूट



बेधड़क | जयपुर

गांधी पथ, वैशाली नगर स्थित वुडकास्टल फर्नीचर अपने आइटम्स पर 70 प्रतिशत तक छूट दे रहा है। मंगलवार से शुरू हुई इस दो दिवसीय सेल को ग्राहकों का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

यह सेल बुधवार तक रहेगी, जिसमें एक्सचैंज ऑफर के तहत पुराने सोफे की अच्छी कीमत पाने के साथ ही नए सोफे की खरीद की जा सकती है। यहां सोफा, एल शेप सोफा कम बेड, डाइनिंग टेबल, डबल बेड, सोफा कम बेड, दीवान कम बेड, ड्रेसिंग टेबल, गार्डन चेयर इतियादी फर्नीचर भी ले जाएं, जिस पर 5 साल की वारंटी भी दी जा रही है। ग्राहकों की सुविधा के लिए फर्नीचर सेल की लोकेशन गूगल मैप भी दी गई है। गौरतलब है कि वुडकास्टल फर्नीचर के पूरे भारत में लखनऊ, चंडीगढ़, गुड़गांव, हैदराबाद, अहमदाबाद जैसे अन्य शहरों में कई शोरूम हैं।

तो इंतजार किस बात का, आप भी अपने घर को नए जैसा सजाएं और आकर्षक इनाम ले जाएं। वुडकास्टल फर्नीचर की बंपर समर सेल में आएं और अपने नए फर्नीचर की सभी चिंताओं से मुक्त हो जाएं ।

## समाज सेवा | संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की मेंबर्स ने बच्चों संग बांटी खुशियां

# परिंदों के लिए बांधे परिंडे, आंगनबाड़ी में बांटी सामग्री

बेधड़क | जयपुर

मानव व समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की सदस्याओं ने सामाजिक सेवा कार्यों के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को सामग्री वितरण करने के साथ आंगनबाड़ी परिक्षेत्र में परिंडे बांधे और नियमित देखभाल की जिम्मेदारी ली। संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा ने बताया कि दुर्गापुरा स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर पढ़ने वाले तथा जरूरतमंद बच्चों को रुचिका-विवेक की ओर से ड्राई फ्रूट, फल, मिठाई, बिस्कुट आदि वितरित किए गए।



### परिंडा अभियान की जानकारी दी

संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन, पूर्व अध्यक्ष मैंना जैन, सचिव रेखा पाटनी, वर्षा अजमेरा, सुनीता जैन, प्रीति जैन, रुचिका जैन सहित सदस्याओं ने बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता निभाई। साथ ही बच्चों को परिंडा अभियान के बारे में जानकारी देते हुए पंछियों की सेवा करने के बारे में बताया गया।

### परिंडे बांध पंछियों की बुझाई प्यास

दूसरी ओर आनंद-वर्षा अजमेरा की ओर से आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए पर्दे भेंट किए गए। साथ ही आसपास के पेड़ों पर पंछियों के पानी पीने के लिए परिंडे बांधे गए। आसपास की महिलाओं व निवासियों को परिंदों के लिए पानी भरने के लिए परिंडे वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन का संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की ओर से स्वागत व सम्मान किया गया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 15 मई, 2024



प्रेम लक्ष्य और जीवन यात्रा है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### विरासत माह का जश्न: राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस रहे मौजूद

# व्हाइट हाउस में गूंजा 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा'

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के मजबूत रिश्तों की एक और मिसाल सामने आई। सोमवार के दिन व्हाइट हाउस के मरीन बैंड ने कई एशियाई अमेरिकियों के सामने सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा गीत की धुन बजाई गई। व्हाइट हाउस में एशियन अमेरिकन, नेटिव हवाई एंड पेसिफिक आइलेंडर (एएएनएचपीआई) विरासत माह का जश्न मनाने के दौरान यह धुन बजाई गई। इस जश्न में राष्ट्रपति जो बाइडेन और उप राष्ट्रपति कमला हैरिस भी शामिल हुई।

इस मौके पर भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता अजय जैन ने वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मोहम्मद इकबाल द्वारा लिखे गए देशभक्ति गीत की धुन को भारतीय अमेरिकियों के जोर देकर कहने पर मरीन बैंड ने दो बार बजाया। राष्ट्रपति की ओर से इस कार्यक्रम के लिए भारतीय अमेरिकियों को आमंत्रित किया गया था। भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता अजय जैन भुतोरिया ने समारोह के बाद कहा कि व्हाइट हाउस के एएएनएचपीआई विरासत माह के उपलक्ष्य में रोज गार्डन में आयोजित किया गया समारोह काफी खास था। सबसे अच्छी बात यह रही कि जैसे ही व्हाइट हाउस में गया संगीतकारों ने सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा गीत की धुन बजाकर स्वागत किया। समारोह के दौरान अमेरिकी सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति ने ड्रम बजाकर वहां मौजूद सैकड़ों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।







### मेरे लिए गर्व का पल...

इस मौके पर अजय जैन ने कहा कि सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा गीत की धुन सुनकर मुझे बेहद अच्छा लगा। व्हाइट हाउस में मेरे लिए यह गर्व का पल था। मैंने उनके साथ गाना शुरू किया और फिर मैंने उनसे इसे एक बार फिर से बजाने के लिए कहा। अजय जैन ने साथ ही बताया कि कार्यक्रम में भारतीय पानीपुरी और खोया भी मौजूद था। एक साल से भी कम समय में यह दूसरी बार है जब व्हाइट हाउस में भारत का लोकप्रिय देशभक्ति गीत बजाया गया। आखिरी बार पिछले साल जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के दौरान ऐसा किया गया था। मरीन बैंड ने बताया कि उसने राजकीय दौरे से पहले इसका अभ्यास किया था।

### पाक सेना ने निहत्थे लोगों पर चलाईं गोलियां

# हिंसा की आग में जला पीओके, प्रदर्शन जारी

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) में पिछले कई दिनों से विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। पाकिस्तानी प्रशासन के खिलाफ आम लोग सड़कों पर उतर आए हैं और पूरा पीओके हिंसा की आग में जल रहा है। इस बीच विरोध को दबाने के लिए पाकिस्तानी सेना ने निहत्थे लोगों पर गोलियां चलाईं। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। मुजफ्फराबाद में भी प्रदर्शनकारियों और प्रशासन के बीच झड़प की खबरें हैं। हिंसक प्रदर्शन के बीच अवामी एक्शन कमेटी ने मंगला बांध से टैक्स फ्री बिजली और गेहूं के आटे पर सब्सिडी की हटाने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया। इसके चलते पुलिस ने छापेमारी की और कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद मुजफ्फराबाद, दादियाल, मीरपुर और पीओके के अन्य हिस्सों में कानून प्रवर्तन और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। हिंसा को लेकर पीओके कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद में स्थिति बहुत गंभीर होती जा रही है। मुजफ्फराबाद और उपनगरों में टैक्स के विरोध में हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, विधान सभा के सभी सदस्यों के साथ-साथ जजों और नौकरशाही के बिजली, सब्सिडी, भत्तों और विशेषाधिकारों को समाप्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किए।



### सब्सिडी पैकेज की घोषणा के बाद भी आंदोलन जारी

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में महंगाई और बिजली के दामों के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पीओके के नागरिकों के लिए 23 अरब पाकिस्तानी रुपए सब्सिडी पैकेज की घोषणा की थी, इसके बावजूद प्रदर्शनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। राहत पैकेज की घोषणा के कुछ देर बाद ही पाकिस्तानी रेंजर्स ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े और फायरिंग की।

### भारत सरकार से मांगी मदद

पीओके कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने भारत सरकार से अनुरोध किया कि वह संयुक्त राष्ट्र में पीओके का मुद्दा उठाए। उन्होंने कहा कि भारतीय विदेश मंत्रालय पाकिस्तान के राजदूत को तलब करे और उनसे पीओके में हो रही हिंसा को लेकर जवाब मांगे। मिर्जा ने दावा किया पीओके में दिनदहाड़े हत्याएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पीओके में हुई हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। क्षेत्र में इंटरनेट पूरी तरह से बंद हो गया है। सेना के कमांडो मुजफ्फराबाद में हेलिकॉप्टरों से उतारा गया है।

### सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में

प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की निंदनीय कार्रवाई के बाद नागरिकों को पुलिस अधिकारियों का पीछा करते और उन पर हमला करते हुए दिखाया गया है। वायरल वीडियो में मुजफ्फराबाद-बरारकोट रोड पर तीन रेंजर वाहनों को आग लगाते हुए दिखाया गया है। जम्मू कश्मीर ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी के बैनर तले हो रहे विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व व्यापारियों ने किया है।

### अमेरिकी सांसद लिंडसे ग्राहम के बयान से चौंकी दुनिया, बोले...

# गाजा पर परमाणु बम गिराए इजराइल

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका के एक सांसद ने चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि इजराइल को गाजा पर परमाणु बम गिराने की इजाजत मिलनी चाहिए। अमेरिकी सांसद ने अमेरिका द्वारा जापान के नागासाकी और हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराने का भी बचाव किया और कहा कि वह एक सही फैसला था। अमेरिकी सांसद ने कहा कि इजराइल को एक यहूदी देश के तौर पर अपने आप को बचाने के लिए वो सब कुछ करना चाहिए, जो वो करना चाहता है। अमेरिकी सांसद के बयान ने दुनिया को चौंकाया

अमेरिका के रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम इजराइल के कट्टर समर्थक माने जाते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडेन के उस फैसले की भी आलोचना की, जिसमें उन्होंने इजराइल को भेजे जाने वाले तीन हजार भारी बमों की डिलीवरी रोक दी है। एक इंटरव्यू में लिंडसे ग्राहम ने कहा कि 'जब हमने एक देश के तौर पर जर्मनी और जापान से लड़ाई में पर्ल हार्बर की तबाही देखी, तो हमने इस लड़ाई को खत्म करने के लिए जापान के नागासाकी और हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराने का फैसला किया और वह एक सही फैसला था। उन्होंने कहा कि इजराइल को भी गाजा में जारी लड़ाई को खत्म करने के लिए परमाणु बम दिए जाने चाहिए। वे इस लड़ाई को हार नहीं सकते।




### प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बोले...

# खतरनाक दौर से गुजर रहा ब्रिटेन

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि देश इस समय सबसे खतरनाक दौर से गुजर रहा है। यूके में आम चुनाव से पहले लंदन में पॉलिसी एक्सचेंज के मंच से जनता को संबोधित करते हुए सुनक ने कहा कि दुनिया इस वक्त परमाणु जंग के बेहद करीब है। ऐसे में विपक्षी नेता दुश्मनों के सामने कमजोर साबित होंगे।

सुनक ने कहा कि अगर इस साल प्रधानमंत्री के चुनाव में लेबर पार्टी के नेता सर कीर स्टार्मर जीतते हैं तो ब्रिटेन की सुरक्षा को खतरा होगा। दरअसल, हाल ही में लंदन में हुए मेयर के चुनाव में सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद वे एक बार फिर से जनता के बीच जाकर सपोर्ट मांग रहे हैं। ब्रिटेन में इस साल के अंत में प्रधानमंत्री के लिए चुनाव होने वाले हैं।



### ब्रिटेन को रूस, चीन और ईरान से खतरा

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि ब्रिटेन को इस वक्त रूस, चीन, ईरान और नॉर्थ कोरिया से खतरा है। लेबर पार्टी के नेता हमारी पार्टी की खामियां गिनाकर सत्ता में आना चाहती है, लेकिन उनके पास देश को लेकर सकारात्मक नजरिया नहीं है। अगर स्टार्मर देश के PM बनते हैं, तो इससे रूस और पुतिन बेहद खुश होंगे। इसके बाद सुनक ने 2030 तक देश के रक्षा खर्च को जीडीपी का 2.5% हिस्सा बनाने का वादा दोहराया। अगर स्टार्मर पीएम बनते हैं, तो इससे रूस और पुतिन बेहद खुश होंगे। सुनक के भाषण के बाद लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने भी स्पीच दी। उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत समझता हूं। इसलिए लेबर पार्टी पहले से ही देश की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl